जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 134, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 21 जुलाई को देश को मिलेंगे नए महामहिम



## चुनाव आयोग ने कहा- 18 जुलाई को वोटिंग और 21 जुलाई को नतीजे, पूरी प्रोसेस की वीडियोग्राफी होगी, राज्यसभा, लोकसभा या विधानसभाओं के मनोनीत सदस्य, राज्यों के विधान परिषदों के सदस्य

**नई दिल्ली:** 16वें राष्ट्रपति के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान निर्वाचन आयोग ने कर दिया है। आयोग ने कहा कि 29 जून तक नॉमिनेशन किए जा सकेंगे। 18 जुलाई को चुनाव होंगे और 21 जुलाई को रिजल्ट का ऐलान किया जाएगा। आयोग ने कहा कि हर प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 15 जून को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी, और 18 जुलाई को वोटिंग होगी। 21 जुलाई को काउंटिंग खत्म होने के बाद ही नए राष्ट्रपति के नाम का ऐलान हो जाएगा। 2017 में राष्ट्रपति चुने गए रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को ही खत्म हो रहा है। वे देश के 15वें राष्ट्रपति हैं।




**चुनाव आयोग ही देगा पेन:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में वोट देने के लिए चुनाव आयोग की ओर से दिए गए पेन का ही इस्तेमाल करना होगा। अगर कोई दूसरा पेन इस्तेमाल करता है तो उसका वोट अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 776 सांसद और 4033 विधायक, यानी कि कुल 4809 मतदाता वोट देंगे। व्हिप लागू नहीं होगा और मतदान पूरी तरह से गुप्त होगा। बात चुनाव की करें तो एनडीए की स्थिति पिछली बार की तरह ही इस बार भी मजबूत है, लेकिन उसने आंध्र प्रदेश और ओडिशा से समर्थन मांगा है। वहीं, वढअ की नजर राज्यसभा की 16 सीटों पर है। इन सीटों पर 10 जून को चुनाव होना है।

**इसलिए मजबूत है एनडीए:** एनडीए बहुमत के आंकड़े से बेहद करीब है। उसे बीजेडी के नवीन पटनायक और वायएसआरसी के जगनमोहन रेड्डी के समर्थन की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवीन पटनायक एवं जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात भी कर चुके हैं। हालांकि दोनों ने ही उम्मीदवार का नाम सामने आने के बाद ही समर्थन पर फैसला करने के लिए कहा है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। रामनाथ कोविंद को 65.35% वोट मिले थे। इस बार भी एनडीए इसे दोहराने की कोशिश में है।

**राज्यसभा चुनाव से फंस रहा पेच:** राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में राज्यसभा सदस्य भी हिस्सा लेते हैं। ऐसे में 10 जून को राज्यसभा की 57 सीटों में 16 सीटों पर होने वाले चुनाव से पेच फंस रहा है। दरअसल, 57 में से बाकी की 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए जाएंगे। जिन 16 सीटों पर चुनाव होना है, उनका फैसला महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक और हरियाणा से होगा। यहां गुणा-गणित किसके पक्ष में जाएगी यह कहना मुश्किल है।

### ऐसे तय होता है सांसद के वोट का वेटेज

**राज्यों** की विधानसभाओं के चुने सदस्यों के वोटों का वेटेज जोड़ा जाता है। अब इस वेटेज को राज्यसभा और लोकसभा के चुने सदस्यों की कुल संख्या से भाग दिया जाता है। इस तरह जो नंबर मिलता है, वह एक सांसद के वोट का वेटेज होता है। अगर इस तरह भाग देने पर शेष 0.5 से ज्यादा बचता हो तो वेटेज में एक जोड़ दिया जाता है।

### ऐसे होता है राष्ट्रपति चुनाव

**राष्ट्रपति** का चुनाव आम चुनाव जैसा नहीं होता है। इसमें जनता सीधे तौर पर हिस्सा नहीं लेती है, बल्कि जनता ने जिन विधायकों और सांसदों को चुना होता है, वो हिस्सा लेते हैं। विधायक और सांसद के वोट का वेटेज अलग-अलग होता है। संविधान के अनुच्छेद-54 के अनुसार, राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचन मंडल करता है। इसके सदस्यों का प्रतिनिधित्व आनुपातिक होता है। यानी, उनका सिंगल वोट ट्रांसफर होता है, पर उनकी दूसरी पसंद की भी गिनती होती है।

### इस तरह होती है वोटिंग

**हिस्सा** लेने वाले सदस्य उम्मीदवारों में से पहले अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट डालते हैं।
वह बैलट पेपर में सदस्य बता देते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए उनकी पहली, दूसरी और तीसरी पसंद क्या है।
अगर पहली पसंद वाले वोटों से विजेता का फैसला नहीं हो पाता है, तो उम्मीदवार के खाते में वोटर की दूसरी पसंद को नए सिंगल वोट की तरह ट्रांसफर किया जाता है।
इसी वजह से सिंगल ट्रांसफरेबल वोट कहा जाता है।

### ऐसे तय होता है विधायकों के वोट का वेटेज

विधायकों के वोट का वेटेज राज्य की जनसंख्या और विधानसभा क्षेत्र की संख्या पर निर्भर करता है। वोट का वेटेज निकलने के लिए प्रदेश की जनसंख्या को चुने गए विधायकों की संख्या से भाग दिया जाता है, इसके बाद जो नंबर आता है, उसे 1000 से भाग दिया जाता है। इस तरह यह उस राज्य के विधायक के एक वोट का वेटेज होता है। यदि भाग देने के बाद प्राप्त संख्या 500 से ज्यादा है तो इसमें 1 जोड़ दिया जाता है।

### ऐसे बनता है निर्वाचन मंडल

**लोकसभा,** राज्यसभा और विधानसभा के सदस्य मिल कर राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचन मंडल बनाते हैं। 776 सांसद (मनोनीत को छोड़कर) और विधानसभा के 4120 विधायकों से निर्वाचन मंडल बनता है। निर्वाचन मंडल का कुल मूल्य 10,98,803 है।

### ऐसे होता है जीत-हार का फैसला

राष्ट्रपति चुनाव में ज्यादा वोट हासिल करने से ही जीत तय नहीं होती है। राष्ट्रपति वही बनता है, जो सांसदों और विधायकों के वोटों के कुल वेटेज का आधा से ज्यादा हिस्सा हासिल करे। मान लीजिए राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो निर्वाचन मंडल होता है, उसके सदस्यों के वोटों का कुल वेटेज 10,98,882 है।
उम्मीदवार को 5,49,442 वोट हासिल करने होंगे। जो सबसे पहले यह नंबर हासिल करता है, उसे राष्ट्रपति चुन लिया जाता है।
इन्हें है वोट करने का अधिकार
संसद के दोनों सदनों (लोकसभा, राज्यसभा) के सदस्य
राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और संघ शासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा के सदस्य

# देश में बायोटेक क्षेत्र के व्यापक विकास का प्रतिबिंब: मोदी

**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो 2022 का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने अपना संबोधन भी दिया।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश का पहला बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो देश में बायोटेक क्षेत्र के व्यापक विकास का प्रतिबिंब है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की जैव-अर्थव्यवस्था पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़ी है। 10 अरब डॉलर से 80 अरब डॉलर तक हम पहुंच चुके हैं। भारत बायोटेक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में शीर्ष दस देशों की लीग में जल्द ही शामिल होगा। नए भारत के इस नई छलांग में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद की बड़ी भूमिका रही है।






**भारत को बायोटेक क्षेत्र में अवसरों की भूमि माना जा रहा:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत को बायोटेक क्षेत्र में अवसरों की भूमि माना जा रहा है। इसके मुख्य रूप से पांच कारण हैं।

जिनमें विविध आबादी, विविध जलवायु क्षेत्र, प्रतिभाशाली मानव पूंजी पूल, व्यापार करने में आसानी की दिशा में प्रयास और जैव उत्पादों की मांग शामिल हैं।

**5,000 से ज्यादा स्टार्ट-अप बायोटेक सेक्टर से जुड़े:** पिछले 8 वर्षों में, हमारे देश में लगभग 60 विभिन्न उद्योगों में स्टार्ट-अप की संख्या कुछ सौ से बढ़कर 70,000 हो गई है। इनमें से 5,000 से ज्यादा स्टार्ट-अप बायोटेक सेक्टर से जुड़े हैं।

## झटका: मलिक-देशमुख राज्यसभा चुनाव में नहीं डाल पाएंगे वोट

**मुंबई:** मुंबई की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक और पूर्व राज्य मंत्री अनिल देशमुख के उस आवेदन को खारिज कर दिया है जिसमें उन्हें कल राज्यसभा में मतदान करने की अनुमति मांगी गई थी। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख के वकील ने आदेश की प्रमाणित प्रति जल्द से जल्द मांगी है ताकि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकें। राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के लिए एक-एक वोट महत्वपूर्ण माना जाता है।

# कोरोना से अनाथ बच्चे पर दादा-दादी का हक



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अनाथ हुए छह साल के लड़के का संरक्षण दादा-दादी को सौंप दी है। गुरुवार को एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय समाज में हमेशा दादा-दादी अपने पोते-पोतियों की बेहतर देखभाल करते हैं। पिछले साल कोविड-19 की खतरनाक दूसरी लहर में छह साल का एक बच्चा अनाथ हो गया था। लड़के के पिता और मां की मौत अहमदाबाद में पिछले साल 13 मई और 12 जून को हुई थी। बाद में गुजरात उच्च न्यायालय ने लड़के की हिरासत उसकी मौसी को दे दी। न्यायमूर्ति एम आर शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि हमारे समाज में दादा-दादी हमेशा अपने पोते की बेहतर देखभाल करेंगे। वे अपने पोते-पोतियों से भावनात्मक रूप से अधिक करीब होते हैं और नाबालिग को दाहोद के मुकाबले अहमदाबाद में बेहतर शिक्षा मिलेगी। बहरहाल, पीठ ने कहा कि मौसी के पास लड़के से मिलने का अधिकार हो सकता है और वह बच्चे की सुविधा के अनुसार उससे मुलाकात कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि लड़के को दादा-दादी को सौंपने से इनकार करने का एकमात्र मापदंड आय नहीं हो सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि लड़का अपने दादा-दादी के साथ सहज है। हालांकि, उसने बच्चे का संरक्षण इस आधार पर मौसी को दे दिया था कि वह अविवाहित है, केंद्र सरकार में नौकरी करती है और एक संयुक्त परिवार में रहती है, जो बच्चे की परवरिश के लिए अनुकूल होगा।

# स्वास्थ्य मंत्री जैन की ईडी कस्टडी बढ़ी



**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम गुरुवार सुबह दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने उनको 13 जून तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया। वहीं, कोर्ट से निकलते ही जैन की तबीयत बिगड़ गई। ईडी की टीम जैन को आरएमएल अस्पताल ले गई है। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इसी मामले में ईडी ने उनको 30 मई को गिरफ्तार किया था। इससे पहले अप्रैल महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के तहत जैन के परिवार और कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की थी। इसमें अकिंचन डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों की संपत्तियां शामिल थीं। जैन पर कथित आरोप हैं कि उन्होंने दिल्ली में कई शेल कंपनियों को लॉन्च किया ।

# विधान परिषद चुनाव: भाजपा के नौ उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**लखनऊ:** यूपी विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा के नौ उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के कोरोना संक्रमित होने के कारण उनके प्रतिनिधि ने नामांकन दाखिल किया है। भाजपा के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु, जसवंत सैनी, दानिश आजाद अंसारी, भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा और बनवारीलाल दोहरे ने नामांकन दाखिल किया। प्रदेश में 13 विधान परिषद सीटों के लिए नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिसमें से भाजपा के नौ और सपा के चार उम्मीदवार हैं। सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय है। केशव मौर्य और भूपेंद्र सिंह का कार्यकाल 6 जुलाई को समाप्त हो रहा है।



जबकि सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, आयुष, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी किसी भी सदन के सदस्य नहीं है। भाजपा ने केशव और भूपेंद्र सिंह सहित सभी सात मंत्रियों को भी विधान परिषद भेजने का निर्णय लिया है।

## अब श्रीनगर से ही अमरनाथ तक मिलेगी हेलिकॉप्टर सेवा, अभी मिलती है पहलगाम और बालटाल से

# अमरनाथ यात्रियों की सहूलियत बढ़ी

**नई दिल्ली: 30 जून** से दो साल बाद अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। अब इस यात्रा पर जा रहे लोगों को श्रीनगर से पंचतरणी के लिए सीधे हेलिकॉप्टर सेवा मिलेगी। गुफा की ओर जाने वाले रास्तों पर यात्रा के दबाव को कम करने के लिए गृह मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। मंत्रालय ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड को श्रीनगर से पंचतरणी के लिए सीधे हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। अभी यात्रियों के लिए बालटाल और पहलगाम से पंचतरणी तक हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध है। दोनों स्थान श्रीनगर से 90 किमी से ज्यादा दूर हैं।



**बैठक में लिया गया फैसला:** इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए एक नया रास्ता जोड़ा जा रहा है, जो श्रीनगर हवाई अड्डे के पास बडगाम से पंचतरणी तक होगा। अमरनाथ यात्रा में हर साल 4-5 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी यात्रा में सरकार भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद कर रही है। इसके लिए पिछले हफ्ते एक बैठक हुई थी, जिसमें तय किया गया है कि श्रीनगर से भी यात्रियों को हेलिकॉप्टर सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

**एक दिन 10 हजार लोग पैदल जा सकते हैं:** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार एक दिन में सिर्फ 15,000 पंजीकृत तीर्थयात्रियों को श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पहलगाम और बालटाल से आगे जाने की अनुमति है। श्राइन बोर्ड के एडिशनल चीफ एग्जिक्यूटिव राहुल सिंह का कहना है कि एक दिन में सिर्फ 10 हजार तीर्थयात्री ही पैदल जा सकते हैं। हेलीकॉप्टर से यात्रा करने वालों की संख्या अलग से तय होती है। अमरनाथ श्राईन बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक साल 2019 में 3 लाख 17 हजार 726 श्रद्धालुओं ने बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन किए जबकि साल 2018 में 2 लाख 85 हजार 006, 2017 में 2 लाख 60 हजार 003, 2016 में 3 लाख 20 हजार 490 तथा 2015 में 3 लाख 52 हजार 771 श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के दर्शन किए।

# पाकिस्तान में फिर हिंदू मंदिर पर हमला

**कराची:** पाकिस्तान के कराची में एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यहां कुछ लोगों ने एक हिंदू मंदिर के पुजारी पर हमला कर दिया। साथ ही भगवान की मूर्तियां और पुजारी के घर पर तोड़फोड़ की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोरांगी में श्री मारी माता मंदिर पर बुधवार देर रात हमला हुआ। पाकिस्तान पुलिस ने इस मामले में अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं की है।



**अज्ञात बाइक सवारों ने किया हमला:** कोरंगी फारूक संजरानी ने कहा- पांच से छह अज्ञात लोग मंदिर में घुस गए और तोड़फोड़ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। हम सबूत जुटा रहे हैं। इसके साथ ही इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। हिंदू समुदाय के लोगों को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कुछ बाइक सवार आए और उन्होंने मंदिर पर हमला कर दिया। वो कौन थे और उन्होंने ऐसा क्यों किया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का आगमन 12 जून को

**सहसों।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन 12 जून दिन रविवार को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना कार्यक्रम के दौरान छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में सुबह 10 बजे हो रहा है। उक्त जानकारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने देते हुए कहा कि डिप्टी सीएम पार्टी द्वारा आयोजित किए गए गरीब कल्याण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

### दो स्थानों पर मार पीट कई घायल क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है ।एक अन्य गांव में भी मार पीट में भी मुकदमा दर्ज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जाजा में पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट हुई एक पक्ष की नीलम देवी पत्नी अजीत मिश्रा का आरोप है कि पडोसी मारे पीटे मोबाइल और पांच हजार छीन लिए।पुलिस ने महारानी प्रसाद ,विवेक कुमार, सुधा देवी, आशा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है जबकि दूसरे पक्ष की सुधा देवी ने अजीत कुमार, नीलम देवी ,शिवानी ,पारुल, अजय कुमार, अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।उधर ग्राम बोमापुर निवासी आनन्द कुमार पांडेय पुत्र हरिहर प्रसाद पांडेय का आरोप है कि नाली के विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया। आनन्द पांडेय ने मऊआइमा थाने में विनोद कुमार पांडेय, शिवकुमार पांडेय, अनुरूद्ध पांडेय, संजीव पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# संगम क्षेत्र में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

## सदस्य विधान परिषद डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह के द्वारा संगम क्षेत्र में प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा दशहरा के अवसर पर संगम क्षेत्र में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में लोगो को जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से लगायी गयी प्रदर्शनी का सदस्य विधान परिषद डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी तथा लोग योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी ऋषभ देव त्रिपाठी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का फीता काटते डॉक्टर केपी श्रीवास्तव व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह

### जमीनी मारपीट देखने वाले परोसियो को बनाया जा रहा है मोल्जिम

**लेडियारी।** कोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोखर पूरा (इटरीहान)गांव में दिनांक 28/05/2022 को राजनारायण द्विवेदी के सगे परिवार के लोगों द्वारा रास्ते में जबरन पिलर बनाने को लेकर लाठी एवं सरिया से जबरजस्त मारपीट होने लगी तो परोस के लोग दोनों पक्षों को मारपीट से बचाने के चक्कर में परोस के वैदेही प्रसाद पांडे पुत्र हीरालाल पांडे वह रामबाबू पांडे पुत्र वैदेही प्रसाद पांडे ,नारायण प्रसाद पांडे पुत्र हीरालाल पांडे आत्माराम पुत्र वैदेही प्रसाद ,अंकित पुत्र गीता प्रसाद ने दोनों पक्षों को मारपीट रोकने लगें एवं बीच बचाव कर अनहोनी से बचाने में अहब सहयोग करने की सजा मीलती दिख रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया की मारपीट करने के समय दोनों पक्षों को छुड़ाने को लेकर एक पक्ष द्वारा तहरीर देकर मोल्जिम बनाया जा रहा जो निराधार है इन लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक यमुनापार से पान्डेय परिवार के लोगों ने गुहार लगाते हुए न्याय हीत बिवेचना कराने की लोगों ने मांग किया है।

## न्यूज झरोखा

### गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में भंडारे का हुआ आयोजन



**नैनी प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी प्रयागराज द्वारा गंगा अवतरण के शुभ अवसर पर अरैल के नये पक्के घाट पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया ।जिसमें आये हुए गंगा स्नानार्थियों एवं तीर्थयात्रियों को कचौड़ी,सब्जी एवं शर्बत प्रसाद वितरण किया गया ।कहा गया है कि इस पावन माह में किसी को भोजन कराना एवं शर्बत पिलाना कई गुना पुण्य के रूप में जाना जाता है ।मां गंगा के इस भूमि पर अवतरित होने से मनुष्य के जीवन की अनेक बाधाएं दूर होती है ।कार्यक्रम में सर्वश्री आजाद पाण्डेय,संतोष तिवारी,कुंवर जी तिवारी,मनीष पांडेय,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,सुनील कुशवाहा, महेश प्रसाद केसरवानी,ऋषि दीक्षित,रवि पटेल,संदीप कुमार पटेल,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, ज्योति सिंह,तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी,अरविंद यादव,डां प्रमोद कुमार मिश्रा, सुनीता द्विवेदी,आत्म प्रकाश यादव,संदीप सिंह, प्रवीण तिवारी,देवकीनंदन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### गंगा दशहरा : व्यापारियों ने भोजन एवं शरबत का किया वितरण

**झूंसी।** गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर भीषण गर्मी की तपिश से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापारियों ने हजारों लोगो को शरबत पिला कर भोजन कराया। अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री अमर वैश्य मुन्ना भइया वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद बंसल के नेतृत्व में चमेली देवी धर्मशाला स्थित विवेकानंद मार्ग के प्रांगण में आम नागरिकों को अंगूरी पेठा के साथ शरबत का वितरण किया गया साथ ही संगम पर स्नान पूजन के लिए आये श्रद्धालु को छोला चावल कढ़ी चावल एवं शरबत के साथ खीर का वितरण समाजसेवी कृष्ण भगवान केशरवानी द्वारा किया गया।

### बालू ढुलाई कर रहा ट्रैक्टर गड्ढे में पलटा, चालक घायल



**करछना।** क्षेत्र के अंतर्गत देवरी कला गांव के सामने मार्ग से गुजरते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित गड्ढे में पलटने से आसपास के लोगों में मचा हड़कंप। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के भस्मा गांव निवासी बृजेश कुमार बृहस्पतिवार सुबह चार बजे के करीब ट्रैक्टर लेकर बालू लादने मेजा क्षेत्र के परानीपुर गंगा घाट पर जा रहा था । उसी दरमियान देवरी गांव के सामने पहुंचा था कि नींद की झपकी आ जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मार्ग के बगल गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक का दाया हाथ स्टेरिंग के नीचे दबने से फैक्चर हो गया। ट्रैक्टर पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भी जुड़ गई। जहां उपस्थित लोगों ने स्टेरिंग के नीचे दबे चालक को निकालकर उपचार के लिए भेज दिया गया।

### मखदूनपुर गांव में सर्प दंश से भैंसों की मौत



**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरैली मखदूमपुर गांव निवासी फूलचंद यादव पुत्र कडेदीन यादव भैस पालकर दूध का कारोबार करते है ।गुरुवार की दोपहर मे गर्मी अधिक होने के कारण फूल चन्द्र भैसो को बाग मे बाध दिया था ।इसी बीच भैसो को सर्प ने काट लिया ।बाग मे टहल रहे बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे । भैस को तड़पता देख घरवालों के साथ साथ ग्रामीणों के भी होस उड़ गए सर्प दंश की जानकारी होने पर डॉक्टरों को मौके पर बुलाया गया लेकिन भैस की जान नहीं बचाई जा सकी ।फूलचंद्र की तीन भैस की मृत्यु हुई है ।एक भैंस की कीमत लगभग साठ हजार रुपए बताई जा रही है ।फूलचन्द्र की रोजी रोटी का सहारा भैस ही थी ।अब फूलचन्द्र यही सोचकर परेशान है कि परिवार का खर्च कैसे चलेगा।

# महिला अस्पताल की जमीन को एसडीएम नेअतिक्रमण हटाने के लिए दिए निर्देश

## सीएचसी अधीक्षक के पत्राचार के बाद एसडीएम ने अस्पताल की कराई पैमाइश

अखंड भारत संदेश



**रत्योंरा।** दो दशक के अधिक समय से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे महिला अस्पताल कोरांव के दिन अब बहुरने वाले हैं। भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल के प्रयास से अस्पताल की बाउंड्री वाल व जर्जर भवनों की मरम्मत की आस जग गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह के पत्राचार के बाद गुरुवार को उपजिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव एवं तहसीलदार डॉ विशाल कुमार शर्मा ने राजस्व टीम के साथ अस्पताल के जमीन की पैमाइश कराई। अस्पताल के आंशिक भूभाग पर अतिक्रमण पाया गया। उपजिलाधिकारी ने अतिक्रमण कताओं को शीघ्र अस्पताल की जमीन खाली करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य हो कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के सकुशल उपचार की व्यवस्था हेतु कोरांव के बसअड्डे के पास महिला अस्पताल निर्मित कराया गया था। जो देखरेख व सुरक्षा के अभाव में भवन जर्जर हो गए हैं। खिड़की दरवाजे तोड़कर लोग उठा ले गए। बारिश के दिनों में छत टपकती रहती है। अस्पताल के भवन इस प्रकार से जर्जर हो गए हैं कि कोई भी चिकित्सक भवन के नीचे बैठना नहीं चाहता है। कब जमीदोज हो जाएगा। इसका भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। गंदगी का व्यापक अंबार लगा है। जिससे जहां क्षेत्र की महिलाओं को उपचार की व्यवस्था नहीं मिल पा रही है, वही अस्पताल खुद बीमार पड़ा है। अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह ने विधायक राजमणि कोल को पत्र लिखकर अस्पताल की बाउंड्रीवॉल निर्मित कराने एवं जर्जर भवनों के मरम्मतीकरण कराए जाने हेतु धन उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही अस्पताल की बाउंड्रीवाल व जर्जर भवनों के मरम्मती करण के लिए धन मुहैया कराने की बात कही है। जिसके बाद तहसील प्रशासन ने अस्पताल के भूमि की पैमाइश कराई है।



## राजसोनी अभिनेता ने दिखाई मानवता

**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर बाजार निवासी नवोदित फिल्म अभिनेता राजसोनी ने ग्रामीणों के सहयोग से एक पीड़ित गाय का उपचार कर मानवता दिखाई उनके इस पुनीत कार्य लिए लोग सामाजिक चर्चा एवं सोशल मीडिया पर उनकी प्रशंसा कर रहे है। राजसोनी जरूरी काम से कार से प्रयागराज के लिए निकले ही थे उन्होंने देखा एक गाय दर्द से कराह रही है अभिनेता ने कार से उतरकर देखा तो किसी गाड़ी की टक्कर की वजह से गाय की सींग टूट गयी थी उन्होंने ड्रेसिंग कर ग्रमीणों के मदद से चारा और पानी की व्यवस्था किया।उनके इस कार्य के लिए लोगो सराहना किया।अभिनेता राजसोनी से कहा मानवता से बढ़कर कोई धर्म नही सभी को बेजुबानो की मदद करनी चाहिए।उनके इस कार्य को अभिनेता इमरान हसनी निर्देशक धीरज मिश्रा, राजा रणदीप गिरी, यूजिन डिसूजा, नवी रौतेला ने भी सराहा।

# गंगा दशहरा पावन पर्व पर शंकर घाट मे मिला शिवलिंग

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** प्राचीन मां गंगा के शंकर घाट पर गंगा दशहरा उत्सव कार्यक्रम की तैयारी हेतु जलयोद्धा आर्य शेखर के संयोजन मे चलाए जा रहे श्रमदान के दौरान मां गंगा में इस घाट की जलधारा मे देवाधिदेव महादेव मिलने पर भक्तो मे अपार उत्साह है। आर्यशेखर के अनुसार जहां विगत डेढ़ दशक से अधिक समय से कोई स्नान ध्यान, पूजन अर्चन का कार्यक्रम नहीं हुआ था ऐसे में उस जगह को पुनर्जीवन देने हेतु सामूहिक रुप से गंगा दशहरा मनाने की रणनीति बनी ।इसी कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को प्रातः कालीन घाट पर श्रमदान एवं सफाई का कार्य किया जा रहा था इसी दौरान जब जलयोद्धा ने मां गंगा में स्नान करने के लिए जल में उतरे तो उनके पैर से कोई भारी वस्तु टकराई जिस पर हाथ फिराने के बाद एक भव्य शिवलिंग की आकृति समझ में आई जिसे काफी जद्दोजहद के बाद किसी तरह बाहर लाया गया, बाहर लाते ही लोगों ने जयकारे लगाने शुरू कर दिए। शिवलिंग ब्लैक स्टोन की मां गौरा के अरघा के साथ भव्य स्वरूप लिए शिवलिंग सबके सम्मुख उपस्थित था! जिसे लगभग 5 लोगों ने एक साथ मां गंगा से बाहर निकाल कर स्थापित किया ! जिसके बाद जल योद्धा द्वारा शिवलिंग की बाकायदा साफ सफाई करने के साथ उसका पूजन अर्चन भी किया गया । और सब ने तय किया कि यह शिवलिंग इसी जगह पर एक चबूतरे के रूप में स्थापित की जाएगी। यहां पर स्नान करने वाला प्रत्येक मां गंगाभक्त सर्वप्रथम भोलेनाथ को जल अर्पित करेगा । गंगा दशहरा के पावन पर्व पर शायंकाल शंकर घाट पर गंगा दशहरा उत्सव में दीपोत्सव दीपदान आरती एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में राज, समाज और संत एक साथ यहां पर अपनी मां समान जल धाराओं को लेकर चिंतन और रणनीति तय करेंगे। जल्द ही सामूहिक रुप से इस भव्य शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा।

## एटीएम कार्ड बदल कर शातिरों ने 10 हजार निकाले

**नैनी, प्रयागराज(** गुरुवार सुबह एक बार फिर शातिरों ने मेवालाल बगिया स्थित एक एटीएम में युवक गया एटीएम से पैसा निकालने उसी दौरान एक शातिर पहुंचा और युवक का एटीएम बदल दिया।जिससे युवक के खाते से ?10000 तत्काल रुप से गायब हो गया।युवक को इसकी जानकारी तब हुई जब युवक के मोबाइल पर मैसेज आया। जानकारी के मुताबिक कमलेश कुमार पुत्र स्वर्गीय राम दुलार निवासी महेवा ने गुरुवार सुबह मेवालाल बगिया स्थित एक एटीएम में पैसा निकालने गया जहां शातिरों ने एटीएम कार्ड बदलकर युवक से ?10000 की ठगी कर ली। युवक को इसकी जानकारी तब हुई जब युवक के मोबाइल पर मैसेज आया।युवक ने आनन-फानन में नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर दी। जहां पुलिस छानबीन में जुटी।

# सहायता समूह महिलाओं को अधीक्षक ने दी स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी

अखंडाारत संदेश

**रत्योंरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत रामपुर कला में गुरुवार को मिशन प्रतिज्ञा के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह ने पहुंचकर महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए जहां टिप्स दिए, वहीं उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी तमाम जानकारियां देते हुए संक्रामक रोगों से बचने एवं घर के बाहर व भीतर साफ-सफाई रखने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधीक्षक डॉक्टर केबी सिंह ने महिलाओं में होने वाले विशेष रोगों से बचाव के तरीको को बताते हुए संयम बरतने व चिकित्सकीय सलाह के बाद ही किसी भी प्रकार के उपचार की सलाह दी। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है, किंतु उनका समुचित विकास नहीं हो पा रहा है।

### समूहों को कुटीर उद्योग से जोड़कर महिलाओं को सशक्त बनाए सरकार : संतरा



उन्होंने महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार से कुटीर उद्योगों की स्थापना पर बल दिया। कहा कि सरकार प्रत्येक स्वयं सहायता समूहों को कुटीर उद्योग से जोड़कर जुड़ी महिलाओं का सम्मुख विकास करे जिससे महिलाएं अपने सम्मान को प्राप्त कर सकें। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि रामपुर कला राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक प्रमुख केंद्र रहा है, किंतु आज यहां के समूह विकास से कोसों दूर हैं। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वयं सहायता समूह के विकास पर बल दिया है। बैठक में प्रमुख रूप से रामावती ग्राम संगठन अध्यक्ष, संगीता समूह सखी, उषा बीसी सखी, अनीता समूह सखी, सरिता यादव एवं अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# दबंग भूमाफिया कर रहा काश्तकार की भूमि पर अवैध निर्माण

अखंड भारत संदेश

## पुलिस को बताया मंत्री के आदेश पर हो रहा निर्माण-पुलिस ने मांगे भू संबंधित कागजात

**कोरांव।** कोरांव थानांतर्गत तरांव ग्राम पंचायत में कोरांव-मेजा मुख्यमार्ग पर एक दबंग भूमाफिया द्वारा काश्तकार की संक्रमणीय भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। शिकायत करने पर स्थल पर पहुंची कोरांव पुलिस ने जब हो रहे निर्माण के बावत आदेश की मांग की तो उसने बताया कि मैं स्वजातीय मंत्री के आदेश पर काम कर रहा हूँ। फिलहाल पुलिस ने भूमाफिया को जमीन के कागजात के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

कोरांव थाना अंतर्गत नगर पंचायत की सीमा से सटा हुआ भगवान प्रसाद पुत्र प्राणनाथ निवासी कस्बा कोरांव का गाटा संख्या-1343 रकबा लगभग 19 बिस्वा का एक पुस्तैनी संक्रमणीय भूखंड है। बेशकीमती जमीन होने के कारण पड़ोस में रहने वाले दबंग भूमाफिया रामदेव कुशवाहा पुत्र छत्रधारी की गिद्ध दृष्टि उस पर लगी हुई थी। मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद रामदेव उक्त भूखंड पर चोरी-छिपे अवैध निर्माण करने लगा। जानकारी होने पर जब मूल काश्तकार भगवान प्रसाद वृहस्पतिवार को उसे रोकने गया तो रामदेव,उसके बेटे,घर की महिलाएं तथा कुछ सहयोगी उसे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए जान से मारकर वही दफना देने की बात कहने लगे। काश्तकार ने बताया कि भयाक्रांत होकर उसने तत्काल 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची और जमीन की प्रकृति की पड़ताल की तो पता चला कि वह जमीन तो भगवान प्रसाद के नाम से दर्ज है। पुलिस ने जब रामदेव से पेपर और निर्माण के आदेश की मांग की तो वह बोला कि मैं यह निर्माण मंत्री जी के आदेश से कर रहा हूँ। हल्का लेखपाल ने भी जब रामदेव को निर्माण करने से रोका तो वह उन्हें भी मंत्री के आदेश का हवाला देते हुए निर्माण जारी रखे हुए था। जब पीड़ित ने कोरांव थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया तो प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस को भेजकर हो रहे निर्माण को रोकवाते हुए शुक्रवार को दस्तावेज के साथ उभयपक्ष को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।



निर्माण कार्य स्थल का दृश्य

**चोरी छिपे करता रहता है निर्माण :** पीड़ित भगवान प्रसाद ने बताया कि रामदेव बिना किसी आदेश और कागजात के आए दिन जमीन की नवैयत को परिवर्तित करने के लिए चोरी छिपे निर्माण करता रहता है। दरअसल उसका घर पीड़ित के भूखंड से सटा हुआ है, जबकि काश्तकार का घर लगभग 1 किमी दूर है। इसी बात का फायदा उठाते हुए वह आए दिन निर्माण करता रहता है। देखना रोचक होगा कि शुक्रवार के बाद वह निर्माण कार्य रोकता है या जारी रखता है। भूमाफिया के आचरण से क्षेत्र के वैध काश्तकारों के अंदर भय व्याप्त है।

# दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण कर बनाया मार्केट

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** प्रयागराज।खीरी थाना क्षेत्र के लेडियारी बाजार में रोड के किनारे मोबिल ऑयल एवं पाइप डिलेवरी रख कर दुकान चला रहे हैं एवं रोड पर टीन शेड उतारने से आये दीन लगता है भीषण जाम आपको बताते चलें कि एक ही परिवार के लोगों द्वारा मोबिल पाइप पेंट की दुकान खोल बैठे हैं दुकान को सजाने है रोड के किनारे सामान को किसानों को दिखाने सजा देते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए अनिल कुमार वर्मा थानाध्यक्ष खीरी पुलिस दस्ते के साथ पहुंच कर 2 दिन के अंदर रोड के किनारे टीन सेट एवं दुकान को अंदर रख कर सामान को बेचने को लेकर सलाह दे चुके हैं लेकिन तीनों दुकान दार सगे भाई होने के नाते होड तोड़ में मनमाने तरीके से प्रशासन को गुमराह कर दुकान को लगाते चले आ रहे राहगीरों को आने जाने में दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है यही नहीं दुकान पर सामान खरीदने हैं जो लोग जाते हैं मेन रोड पर बाइक आदि खड़ी करने को मजबूर होते हैं।लेडियारी होते हुए नारीबारी मार्ग से प्रयागराज मरीज आदि लेकर लोग जाते हैं। लेकिन अक्सर इसी अस्थान पर जाम से गुजरते हुए जानें को लोग मजबूर हैं। क्षेत्रीय लोगों ने तीनो सगे भाइयों की दुकानों को रोड पर लगें टीन शेड एवं मोबिल पाइप दुकान से सम्बंधित सामानों को हटवाने के लिए लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जाम से निजात दिलाने की लोगों ने मांग किया है।



लेडियारी बाजार में दुकानों के सामने लगा भीषण जाम

# संगम में डूबे छात्रों के शव हुए बरामद

## परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम पर मंगलवार की शाम डूबने वाले दो छात्रों हिमांशु सचान (18) और प्रणव दुबे (16) के शव बृहस्पतिवार की दोपहर मिल गए। दोनों के शव बहते हुए अरैल की ओर चले गए थे। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने अरैल के पास से दोनों के शवों को खोजा। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों के साथ ही संगम में डूबे अमन कुशवाहा (17) का शव बुधवार को ही बरामद हो गया था। कानपुर देहार के भोगनीपुर का रहने वाला हिमांशु सचान उर्फ हनी अपने एक रिश्तेदार दीपाकंर सचान के सचान क्लासेस में आईआईटी की कोचिंग करता था। वह दीपांकर के ही घर में किराये पर रहता भी था। उसके साथ ही रेहठू उतरांव का प्रणव दुबे और अमन निवासी पकरी उतरांव भी रहते थे। पास में कानपुर मोहित सिंह भी रहता था। चारों साथ में कोचिंग करते थे।

**दोस्त को कपड़े दिखाकर गए थे संगम नहाने :** मंगलवार की शाम चारों संगम गए थे। रात करीब 11 बजे मनीष ने पुलिस को सूचना दी कि उसके तीनों दोस्त नहाते वक्त नदी में डूब गए। जानकारी पर दारागंज थाना व जल पुलिस भी आ गई। पूछताछ में मनीष ने बताया कि उसने नहाने से मना कर दिया तो तीनों दोस्त उसे कपड़े देकर नदी में उतर गए। नहाते-नहाते वह गहराई में पहुंच गए और फिर डूब गए। पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन रात में शव नहीं खोजे जा सके।बुधवार को करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद यमुना से अमन का शव निकाला गया। बृहस्पतिवार को एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीम ने दोपहर में करीब दो बजे अरैल के पास से हिमांशु और प्रणव के शव ढूंढ निकाले। शव देखते ही हिमांशु के पिता विवेक और प्रणव के पिता योगेश दुबे लिपटकर रोने लगे। तमाम रिश्तेदारों की आंखें नम हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


संगम में डूबे छात्रों को खोजती पुलिस

**रोते रहे पिता, ढांढस बंधाने वालों की भी आंखें हुई नम :** हिमांशु और प्रणव के शवों की बृहस्पतिवार की सुबह से ही खोजबीन हो रही थी। हिमांशु के पिता विवेक सचान और प्रणव के पिता योगेश दुबे ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे कि दोनों के डूबने की खबर झूठ निकले। दोपहर में दो बजे के करीब जब दोनों के शव मिले तो उनकी आस टूट गई। वे शवों से लिपटकर रोने लगे। उन्हें ढांढस बंधाने वाले भी रो रहे थे। दोनों ने शव मिलने के बाद मोबाइल पर घर वालों को बताया तो माहौल भारी हो गया था। पुलिस वालों ने भी यही समझाया कि होनी को कोई नहीं टाल सकता।

**इंजीनियर बनना चाहते थे तीनों छात्र :** हादसे में जान गंवाने वाले तीनों छात्र इंजीनियर बनना चाहते थे। इसी कारण वे पढ़ाई के साथ कोचिंग भी कर रहे थे। उतरांव के पकरी गांव निवासी अमन कुशवाहा पढ़ने में काफी तेज था। उसने इस साल इंटर की परीक्षा दी है। उसकी पढ़ाई देखकर ही घर वालों ने रिजल्ट से पहले ही उसे आईआईटी की कोचिंग के लिए शहर भेज दिया था।कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी हिमांशु सचान बचपन से इंजीनियर बनने का सपना देखता था। वह दो भाइयों में छोटा था। उसकी मां रश्मि शिक्षिका हैं। प्रणव दुबे ने तो इस बार हाईस्कूल की परीक्षा दी थी लेकिन उसने भी हाल में कोचिंग में एडमीशन लिया था।

# महिलाओं के विवाद में भतीजे ने चाचा की कर दी हत्या

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में महिलाओं के विवाद में भतीजे ने चाकू से हमला कर अपने सगे चाचा को मौत के घाट उतार दिया। हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सन्नटा पसर गया। वही मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल मौके पर पहुच पूछताछ की। मृतक की पत्नी शबाना ने पांच लोगो पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। सरायलाहुरपुर निवासी असगर अली उर्फ वकील व असलम उर्फ मुन्ना सगे भाई है। गुरुवार को दोनों के औरतों के बीच कहासुनी हो रही थी। मामला इस कदर बड़ा की कहासुनी के दौरान ही ईट पत्थर चलने लगे। आरोप है कि इसी बीच असलम के लड़के अरमान ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। घायल असलम को परिजन एक निजी चिकित्सालय ले गए। स्थिति नाजुक देख चिकित्सक ने उसे एसआरएन भेज दिया। जहां इलाज के दौरान असगर अली उर्फ वकील (40) पुत्र अहमद की मौत हो गई। इस झगड़े में रोशन अली की पत्नी सना भी ईंट लगने से घायल हो गई है। सात भाइयों में असगर पांचवें नंबर का है। वह मछली बेचकर एक दिव्यांग बच्ची सहित 5 बच्चों का गुजारा करता था। पुलिस ने पाच नामजद आरोपियों में से तीन को हिरासत में ले लिए है दो फरार बताये जा रहे है।



## स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्रधानमंत्री मातृ वंदन दिवस का सफल आयोजन संपन्न

**मेजा रोड।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर अधीक्षक डॉ नीरज पटेल के दिशा निर्देशन में प्रधानमंत्री मातृ वंदन दिवस का सफल आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं का बीपी जांच किया गया खून की जांच किया गया हाइट एवं वजन की जांच किया गया डॉ जया चतुर्वेदी द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई एवं फार्मासिस्ट देव प्रजापति द्वारा उनको आयरन और कैल्शियम की दवाएं भी उपलब्ध कराई गई कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक डॉ नीरज पटेल द्वारा गर्भवतीयों को फल एवं नाश्ता का भी वितरण किया गया सी एच ओ सत्यम कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूरे कार्यक्रम को लीड किया गया काउंसलर मनोज कुमार एवं पद्मा चौधरी द्वारा काउंसलिंग भी किया गया प्रधानमंत्री मात्र वंदन दिवस पर एएनएम पुस्टम राय केतकी वर्मा वर्मा प्रियंका कनौजिया एवं काउंसलर रेखा सिन्हा द्वारा लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान की गई ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रैपुरा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 में ग्राम पंचायत रैपुरा विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यों में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10–06–2022 से दिनांक 25–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत रैपुरा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 26–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 26–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मौलाराम के खेत के पास नाला पर चकडैम निर्माण कार्य | 18.00 लाख | 2 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाईट का कार्य | 2.30 लाख | 2 माह |
| 3. | पंचायत भवन एवं पंचायत भवन के बाहर में इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 4. | पंचायत भवन के परिसर के बाहर इण्टरलाकिंग का कार्य | 3.00 लाख | 2 माह |

शिव कुमारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रैपुरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

अब्दुलवारी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रैपुरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# नगर पंचायत हंडिया के वार्डों में जलभराव को लेकर हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**हंडिया प्रयागराज।** नगर पंचायत हंडिया में जल निकासी की गंभीर समस्या है। पांच वार्डों के लोग समस्या से जूझ रहे हैं। इसे लेकर नगर पंचायत के खिलाफ लोगों में नाराजगी भी है। नरजगी इस कदर है कि लोग विधानसभा चुनाव 2022 में मतदान कर बहिष्कार कर दिया था। प्रत्याशियों और प्रशासन के आश्वासन के बाद नगर पंचायत वासियों के मतदान किया था। चुनाव जीतने के बाद हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद ने जल निकासी समस्या को सदन में भी रखा। हंडिया नगर पंचायत ने शासन को प्रस्ताव भी भेजा। चुनाव संपन्न हुए तीन माह हो गए लेकिन, समस्या जस का तब बना हुआ है।बारिश शुरू होने के पहले जल निकासी की समस्या और विकास को लेकर नगर पंचायत हंडिया अध्यक्ष जवाहर लाल जयसवाल की अध्यक्षता में सभी वार्ड के सभासद के साथ आज नगर पंचायत कार्यालय में बैठक कर विचार विमर्श किया गया। नगर पंचायत में कुल कितने वार्ड में जल जमाव की समस्या है। कितने एक-ड़ तक यह जमीन जलमग्न रहता है। इन सभी बिंदुओं को बैठक में विचार विमर्श में नोट कर प्रस्ताव तैयार किया गया। हंडिया नगर पंचायत में कुल 13 वार्ड हैं । इसमें से पांच वार्ड में वार्ड-1, वार्ड-3, वार्ड-4 , वार्ड-6 और वार्ड-13 में भीषण जल भराव की समस्या है। इसके अलावा हंडिया थाना सहित कम से 250 एकड़ जमीन पर जल जमाव की समस्या है। हंडिया में फ्लाई ओवर बनने के बाद जल जमाव की समस्या वृहद रूप ले लिया। समस्या का समाधान के लिए बैठक शासन को प्रस्ताव भेजने कानिर्णय लिया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह और बड़े बाबू शिव कुमार उपस्थित रहे।अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने जल जमाव की समस्या झेल रहे नगर पंचायत वासियों से अपील की की धैर्य बनाए रखें। जल निकासी की व्यवस्था के लिए हंडिया नगर पंचायत हर संभव कोशिश कर रही है। उम्मीद है कि आने वाले समय में हंडिया नगर पंचायत जल भराव की समस्या से निकल सकेगी।

# बोलेरो बस की आमने सामने टक्कर

## 5 लोग हुए घायल, गंगा स्नान कर लौट रहे थे घर

अखंड भारत संदेश

**बारा प्रयागराज।** बारा में बोलेरो व बस में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत नगर के पास की है। जहां बोलेरो सवार गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान कर वापस अपने घर मध्य प्रदेश के मैहर जिला लौट रहे थे। भारत नगर कस्बे में विपरीत दिशा से आ रही बस चालक की लापरवाही से बोलेरो और बस की आमने सामने टक्कर हो गई।घटना की जानकारी होने के उपरांत मौके पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस के द्वारा जहां क्षतिग्रस्त हुई बोलेरो में घायलावस्था में पड़े लोगों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले जाया गया।

**मध्य प्रदेश के मैहर जिले के रहने वाले हैं सभी घायल :** घायलों में प्रेम बिहारी पांडे पुत्र स्वर्गीय जगदीश पांडे उम्र 60 वर्ष उनकी पत्नी अमिता पांडे, बेटा शिवानंद, बेटी रत्नप्रिया व बोलेरो चालक प्रकाश गौतम पुत्र मोहनलाल निवासी मैहर वार्ड नंबर 3 थाना मैहर जिला मैहर के रहने वाले हैं। जहां यह सभी लोग गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान कर वापस अपने घर को लौट रहे थे। जबकि चालक को छोड़कर अन्य सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य हैं। पुलिस के द्वारा घायल के परिजनों को फोन करके एक्सीडेंट के बारे में सूचना दी गई। जबकि सभी घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। वही बस चालक वह बस को पुलिस के द्वारा पकड़कर नारीबारी पुलिस चौकी पर लाया गया।




# आईपीएस के नाम की धौस जमा पुलिस कर रही अंडर लोड वाहनों से वसूली

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर थाने के कुछ मनबढ़ पुलिस कर्मी अपनी कमाई के लिए आईपीएस के नाम की धौंस जमाकर ट्रक चालको से जबरन ओवर लोड की बात करते हुए दबाव बनाकर अवैध वसूली में मशगूल हैं।एक पुलिस कर्मी और ट्रक संचालक के बीच हुई बातचीत का ऑडियो गुरुवार के दिन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ । जिसमें ट्रक पुलिस द्वारा रोके जाने पर चालक ने ट्रक मालिक को फोन किया तो ट्रक मालिक ने पूंछा क्या बात है ,तो चालक ने जवाब दिया कि घूरपुर थाने की टाटा सूमो से आये साहब लोग गाड़ी रोके हैं। तो मालिक ने कहा कि अंडर लोड व रवन्ना है तो क्यों रोके है ,बात कराओ तो चालक ने निवेदन करते हुए पुलिस कर्मी से चालक ने अपने मोबाइल से मालिक से बात कराना शुरू किया । इस बीच मालिक ने कहा कि सर अंडर लोड गाड़ी है क्यों परेशान कर रहें हैं, तो पुलिस कर्मी ने कहा कि गाड़ी ओवर लोड है और पिछले दिन हुये चालान को नहीं भरा गया है । मालिक ने कहा आप पुलिस वाले हैं आपको आरटीओ के चालान से क्या लेना देना ,ऑन लाइन चालान हुआ है उसे मैं भरूंगा, इतने में सिपाही ने कहा कि गाड़ी दो टन ओवर लोड है आईपीएस साहब का निर्देश है कोई भी गाड़ी बिना चालान के भरपाई किए नहीं जाएगी । इसके बाद पुलिस कर्मी ने अपने ड्राइवर से बात करिए कहते हुए चालक को फोन पकड़ा दिया । जिसमें ट्रक मालिक ने चालक से कहा कि हजार पांच सौ देकर निकल आओ, तब चालक ने कहा कि दस हजार मांग रहे है । फिर ट्रक मालिक ने कहा कि इतना पैसा कहा है और फोन कट गया । इतने में दो सिपाही ट्रक के अंदर घुसे और चालक से रुपये लेकर ट्रक को छोड़ दिया । गुरुवार के उक्त बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कम्प मच गया । अब सवाल यह कि घूरपुर थाने के प्रभारी आईपीएस चिराग जैन तो पुलिस की कार्य प्रणाली को विगत दो माह से ठीक करने में लगे हैं ,लेकिन उन्ही के मातहत सिपाही उनके नाम का दुरुपयोग कर अवैध कमाई में लगे है।

## ऑडियो हुआ वायरल

### काफी दिन से जमे दारोगा भी लिप्त

घूरपुर थाने में काफी दिन से जमे कुछ दरोगा भी प्रभारी की आंख में धूल झोंककर अवैध कार्यो में लिप्त दिखाई दे रहे है। एक दरोगा तो जेसीबी संचालकों से मिलकर फर्जी परमिशन बनवाकर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन कार्य मे लिप्त बताया जाता है । उक्त दरोगा का क्षेत्र के कई आपराधिक व्यक्तियों से सम्बन्ध भी बताया जाता है उनसे फोन पर अधिकांश बात होती रहती है। फोन पर बातचीत का खुलासा ना हो जिसके लिए वाइस काल माध्यम से बातचीत की जाती है।

# बहुजन बाल रंग कार्यशाला की नाट्य प्रस्तुतियां आज

## मानवता के स्थापत्य का संदेश देती नजर आयेंगी नृत्य नाटिकायें

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एक बाईस दिवसीय प्रतुतिपरक ग्रीष्मकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला में तैयार आधा दर्जन से अधिक लघु नाटकों व आधा दर्जन के करीब मानवता के स्थापत्य का संदेश देने पर आधारित नृत्य नाटिकाओं का मंचन आज दिनांक 10 जून 2022 को अपराह्न 4 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के प्रेक्षागृह में किया जाएगा । कार्यशाला का कुशल निर्देशन उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी आईपी रामबृज की देख–रेख में एक ओर जहां खेल–कूद, विपश्यना, व्यायाम, योगा, गीत, नृत्य और नाटकों में प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया गया है। नगर प्रयागराज स्थित मलिन बस्ती के सर्वसमाज के अट्ठावन बच्चे बुद्धं शरणं गच्छामि, भगवान बुद्ध की ज्योति अमर, कबीरा कहे ये जग अंधा, तेरी आरती उतारू रे, मुझे दुश्मन के बच्चों को पढ़ाना है और काल चक्र के आगे आगे गीतों पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन होगा तो वही दूसरी ओर और प्रख्यात बहुजन साहित्यकार सूरज पाल चौहान की कहानी का नाट्य रूपांतरण परिवर्तन की बात और मैथिलीशरण गुप्त की कविता का नाट्य रूपांतरण माँ कह एक कहानी और अंधविश्वास, पाखण्ड और दहेज से मुक्ति के लिये लघु नाटकों में बेटी शम्बूक, एकलब्य, अंगुलिमाल और अली बाबा चालीस चोर का मंचन का किया जाएगा। कार्यशाला के समापन के अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज श्री प्रेम प्रकाश, पुलिस अधीक्षक (अपराध)) श्री सतीश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक (प्रोटोकॉल) श्री रवि शंकर निम, भूमि संरक्षण अधिकारी श्री गौरव प्रकाश के साथ साथ विभागवार अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारियों कर्मचारियों के उपस्थित होने के सम्भावना है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लिगदहिया वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 में ग्राम पंचायत लिगदहिया विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यों में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10–06–2022 से दिनांक 24–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत लिगदहिया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | रमाशंकर के घर से सोनाई सरहद तक पक्की नाली कार्य | 6.80 लाख | 2 माह |
| 2. | पक्की सड़क से दयाराम के ट्यूबेल तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 3. | सामुदायिक शौचालय के मरम्मत, पलम्बिंग, टंकी, बिजली, वायरिंग | 2.50 लाख | 2 माह |
| 4. | प्राथमिक विद्यालय में टाईल्स एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 4.50 लाख | 2 माह |
| 5. | पंचायत घर का निर्माण कार्य | 20.00 लाख | 2 माह |
| 6. | पक्की सड़क से राजमणि के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 400 मीटर | 16.00 लाख | 2 माह |

सुरेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लिगदहिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

आदित्य कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लिगदहिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज




# प्रधानमंत्री जी के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण करने पर जनसंवाद का रखा कार्यक्रम

## सरकार में कराए गए कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों से की गई चर्चा

**मेजा रोड।** मेजा संगठन के निर्देश पर प्रधानमंत्री जी के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण करने पर जनसंवाद का कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गई, एवं लोगों से अपील की गई आगामी 2024 मे फिर से भारतीय जनता पार्टी को विजई बनाकर, नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल जी और कार्यक्रम के संयोजक आशीष सिंह जिला मंत्री जी ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान रमाकांत विश्वकर्मा जी रहे और कार्यक्रम में उपस्थित पांचो मंडल के मंडल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला मंत्री भगवान दास कुशवाहा जी व, कार्यक्रम के संचालन ओमप्रकाश विश्वकर्मा जी ने किया व कार्यक्रम में उपस्थित धर्मराज मौर्य जी,सुनील यादवजी मंडल संयोजक,अमित सेठ, भाजपा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्चे की अभिरक्षा माता-पिता को सौंपी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खुल्दाबाद प्रयागराज एसएचओ द्वारा पेश नाबालिग अशवाक हुसैन को उसके माता-पिता शाजिया नफीस व अशरफ अली को सौंप दिया है और पुलिस को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री व अन्य अधिकारियों के खिलाफ अवमानना आरोप निर्मित करने के लिए 5 जुलाई को हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस जेजे मुनीर ने अशवाद हुसैन की अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।मालूम हो कि कोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर 14 सितंबर 21को बच्चे को माता-पिता की अभिरक्षा में सौंपने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ एसएलपी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी और एक हफ्ते में बच्चे को माता-पिता को सौंपने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया तो कोर्ट ने एसएचओ खुल्दाबाद को बच्चे को पेश करने का निर्देश दिया था। याची सहित एसएचओ और माता-पिता हाजिर हुए। जिस पर कोर्ट ने तत्काल बच्चे को माता-पिता को सौंपने का आदेश दिया। जिलाधिकारी का कहना था कि अवमानना याचिका हाईकोर्ट के बजाय सुप्रीम कोर्ट में होनी चाहिए। कोर्ट ने विपक्षियों को आरोप पत्र निर्मित करने के लिए तलब किया है।

# विद्युत हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा में इलाकाई थाना क्षेत्र के खुरमा (अड़ारुपुर) निवासी हरिओम पाण्डेय पड़ोसी मोनाई केशरी के छत पर खड़े थे। वह छत पर इधर उधर टहल रहे थे। इस दौरान घर के ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार हाई टेंशन तार के करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। इससे स्वजनों सहित ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आनन फानन में स्वजनों द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने घण्टों इलाज भी किया लेकिन युवक के हालात में बिल्कुल भी सुधार नहीं हुआ,बल्कि तबियत और भी गम्भीर हो गई। वहीं हालात गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया। स्वजनों ने शहर के अस्पताल में युवक को दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा युवक का इलाज किया जा रहा था। लेकिन इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही स्वजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया है।


मृतक की फाइल फोटो

# 11551 दीपों से जगमग हुआ बेल्हा देवी घाट

## सई गंगा आरती के साक्षी बने हजारों महिलाएं व बच्चे, प्रयाग, काशी व हरिद्वार जैसा दिखाई दिया दृश्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 108 पुरोहितों के विशेष मंत्रों व घंट घडियालों की ध्वनि के बीच सई नदी के घाट पर 11551 दीपों से बेल्हा देवी घाट व मंदिर जगमग हो उठा और सई गंगा की महाआरती में हजारों स्त्री व पुरुष शामिल होकर इस अद्भुत दृश्य के भागीदार बने।

श्री गंगा दशहरा महोत्सव में आज माँ बेल्हा देवी धाम में सुबह से माँ के भक्तों का आवागमन शुरू हो गया। मंदिर परिसर की सजावट देखते ही बन रही थी पूरा धाम फूल मालाओं व विद्युत झालरों से सजाया गया। गेट से घुसते ही लग रहा था आज सारे देवी- देवता यहां विराजमान हैं। आने वाले भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हैं शाम को जब 11551 दीपों से सभी घाटों को प्रकाशमय करके 108 पुरोहितों द्वारा माँ सई की महाआरती शुरू हुई तो काशी, प्रयाग व हरिद्वार सा दिखने लगा। भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। अब की बार महोत्सव के लिए आयोजन समिति ने विशेष व्यवस्था की थी पूरे घाट पर जब पंचमुखी शंखो से ध्वनि करते पुरोहितों संग महिलाओं व अतिथियों ने महाआरती की उस समय का नजारा लग रहा था जैसे तीनो लोक के देवी-देवता स्वयं माँ गंगा की आरती में शामिल होकर पूरे धाम को भक्तिमय कर दिए हैं। आतिशबाजी का विशेष प्रोग्राम रखा गया था करीब 2 घंटे आतिशबाजी होती रही। समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा की गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर नदियों एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इसी भीड़ से गदगद मुन्ना सिंह ने कहा कि मां की महिमा है कि पूरे जिले के भक्तगण आज इस दीपदान में शामिल हो रहे हैं। प्रदूषित है उसे बचाने के लिए दीपों के समक्ष सामूहिक रूप से नदी संरक्षण का संकल्प दिलाया क्योंकि यह पर्व नदियों के संरक्षण एवं महत्व को दशार्ता है। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि शाम को 11551 दीपो से सारे घाटो को प्रकाशमय करके छह बजे माँ सई गंगा की महाआरती की गई। जिसमें 108 पुरोहित विशेष मंत्रोच्चारण,शंख, घडियाल बजाते हुए महाआरती की शुरूआत की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सुरक्षा की सारी व्यवस्था की थी। एस0डी0एम0 सदर, सी0ओ0 सिटी, कोतवाल आदि अधिकारीगण पूरी व्यवस्था में जी जान से सहयोग कर रहे थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को तुलसी के पौधे देकर सम्मानित किया गया। सारी व्यवस्था मुन्ना सिंह व राजा पंडा की अगुवाई में की गई। समिति के व्यवस्थापक राजा पंडा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद आयोजन समिति ने नहीं की थी।



11551 दीपों की रोशनी से जगमग हुआ बेल्हा देवी घाट।



शहर में मार्च करते सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय।

## सीओ सिटी ने किया शहर में मार्च

### प्रशासन का शांति व्यवस्था बनाये रखने का है संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में शांति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये जिला प्रशासन सजग है। एक दिन पहले बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं की बैठक बुलाकर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की थी। गुरुवार को सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय ने पुलिस जनों के साथ शहर में मार्च पास्ट कर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया है कि पुलिस हर पल सजग है। बता दें कि एसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन में जिले की पुलिस अपराधियों के लिये सजग दिखाई पड़ रही है। रानीगंज में व्यापारी को गोली मारने के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने बदमाशों से मुठभेड़ में घटना में शामिल तीनों आरोपियों को धर दबोचा था। गुरुवार को सीओ सिटी ने चैक बजाजा, पंजाबी मार्केट के अलावा संवेदनशील कहे जाने वाले मोहल्लों में भी मार्च किया। उनके साथ दर्जन भर से अधिक पुलिस जन मार्च पास्ट में शामिल रहे।

## व्यापार मण्डल ने एसपी को किया सम्मानित



एसपी को सममानित करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** व्यापारी को गोली मारकर लूट का खुलासा करने के मामले में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि विगत तीन दिन पूर्व रानीगंज बाजार के व्यवसाई अशोक मौर्य के प्रतिष्ठान पर चंद अपराधियों ने चढ़कर गोली मारकर रंगदारी वसूलने और अपने दबंगई को बढ़ाने का कार्य किया।

जिसके विरोध में उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के (रानीगंज इकाई) के अध्यक्ष राजेंद्र चैरसिया के साथ बाजार के सभी आक्रोशित पदाधिकारियों व व्यापारियों ने बाजार में विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार केसरवानी के साथ प्रां. उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, मनोज सिंह, सुरेश चंद केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, कृष्ण मोहन केसरवानी, अख्तर राइन, धीरज उपाध्याय, शकील अख्तर, आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक की मौत

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के छेंवगा चैराहे पर बाइक एवं बाइक की आमने सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। छेंवगा चैराहे पर कटरा बिहार निवासी सुनील निर्मल (27) वर्ष पुत्र लालजी बाइक से जा रहा था तभी छेंवगा चैराहे के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक दूर जा गिरा। आसपास के लोगों की सूचना पर एंबुलेंस घायल युवक को सीएचसी बाघराय ले गई जहां डाक्टरों ने सुनील निर्मल पुत्र लालजी निवासी बिहार कटरा को मृत घोषित कर दिया पुलिस शव को पीएम के लिए भेज रही है।

## राहगीरों को पिलाया गया शरबत और ठंडा पानी

### जायसवाल समाज के संयोजन में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के बिहारगंज बाजार में बृहस्पतिवार को जेष्ठ शुक्ल पक्ष गंगा दशहरा के शुभ मुहूर्त पर जायसवाल समाज प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष श्याम जी जायसवाल की निर्देशन व सहयोग से समस्त युवा ब्यापारियों ने लोगों को ठंडा पानी और शरबत पिलाया गया।

सुबह 10 बजे से ही बिहारगंज चौराहे पर स्टाल लगा कर चैराहे के युवा पीढ़ी के लोग राहगीरों को शरबत और ठंडा पानी पिलाते रहे। बाजार वासियों और क्षेत्र वासियों ने कार्यक्रम में मौजूद रहकर आने जाने वाले राहगीरों को शरबत वितरण किया।सुबह कार्यक्रम की शरुआत त्रिलोक धारी भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना धूप दीप प्रज्वलित करके किया गया।उमस भरी बादलों युक्त मौसम में ठंडा पानी मिलने पर हर राहगीर यहां रुक रहा था।ठंडा पानी और शर्वत पीकर बुजुर्गों और महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना की। शर्वत व पेयजल पिलाने का ये सिलसिला शाम तक चलता रहा। युवाओं ने आने जाने वाली बसों एवम ऑटो को भी रुकवाकर सबको शर्बत पिलाया। इस अवसर पर जायसवाल समाज प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्याम जी जायसवाल, महेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, टिंकू जायसवाल, लालबहादुर गुप्ता, चन्द्र प्रकाश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, दयानंद जायसवाल, मोनू जायसवाल, अभय गुप्ता, शोभित विश्वकर्मा, सन्तोष, गुड्डू, अमित, दीपक, सुमित, डॉ तुलसी, सिबलू आदि लोग उपस्थित रहे।



राहगीरों को शरबत पिलाते जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल।

## चार आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड तथा धमकी का केस दर्ज किया है। अगई निवासी स्व. कमलेश मिश्र की पत्नी रेवती मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जून को गांव के विपक्षी ओमप्रकाश के पुत्रगण रोहित तथा मोहित व सोहित तथा सुमित ने रंजिशन उसे मारापीटा। तहरीर मे कहा गया है कि पीडिता सुबह सात बजे घरेलू कामकाज कर रही थी। इस बीच आरोपी उसके घर मे घुस गये और उसे लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।

शोर मचाने पर जब पीड़िता के जेठ का लडका सुशील मिश्र बीचबचाव को दौड़ा तो आरोपी गाली देते हुए धमकी देने लगे। आरोपियों ने गांव वालो को जुटता देख उसके दरवाजे पर लगी बांस की बल्ली उखाड़ कर फेंक दिया तथा शीशम के पेड़ को काट डाला। आरोपियो ने पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है।

## भजन संकीर्तन मे जुटे श्रद्धालु

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के सामने हुए श्रीरामचरितमानस पाठ में श्रद्धालुओं को उत्साह मे देखा गया। वहीं गुरूवार को हुए समापन में आचार्य पं. शीतला प्रसाद मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन पूजन के दौरान भी भारी संख्या मे श्रद्धालु जुटे दिखे। महिलाओं ने भी श्रीराम जानकी के मनमोहक भजन से वातावरण को आध्यात्मिक बनाया। आल्हा कैटर्स के तत्वाधान में मानस पाठ के उपरान्त देर शाम तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन रामचंद्र ने किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आचार्य रामअवधेश मिश्र, झुन्ना तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, शिवमोहन यादव, विनोद सोनी, फूलचंद्र सोनी, श्यामलाल सोनी, हरिमोहन यादव, संतलाल गुप्ता, रामनाथ विश्वकर्मा, रवीन्द्र विश्वकर्मा, गोपाल आदि रहे।

# डाक्टरों के विवाद पर गरमाई सियासत, मंत्री का दौरा

## नेताओं जनप्रतिनिधियों का एसपी से मिलने और वार्ता का दौर शुरू, नेताओं और अधिकारियों के निशाने पर प्रिंसिपल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज के दो डाक्टरों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई ठोस कदम न उठाने से अब यह मामला राजनैतिक रूप ले चुका है।

अब यह जनप्रतिनिधि,नेताओं और उनके दलों का मुद्दा बन गया है। इस मसले पर लोगों का डीएम और एसपी ने मिलने और उनसे वार्ता शुरू हो गई है। जिससे दबाव बनाया जा रहा है। इससे मामला तूल पकड़ने लगा है। जानकर बताते हैं कि इस मामले में सबसे अधिक नाराजगी लोगों की प्रिंसिपल से हैं।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिले की चिकित्सीय व्यवस्था बेहतर होगी। मरीजों की सेहत सुधरेगी, इनको रेफर नहीं होना पड़ेगा... लोगों ने यही सोचा था। यह सब तो हो नहीं रहा है, उल्टे जिम्मेदार लोगों ने कालेज और अस्पताल को जंग का मैदान जरूर बना दिया है। यहां मरीजों का इलाज नहीं उनकी दलाली और शोषण के लिए डाक्टरों के बीच मारपीट होती है। जिसमें परेशानी मरीज को ही उठानी पड़ती है। इन दिनों ऐसे ही दो होनहार डाक्टरों की वजह से मेडिकल कॉलेज प्रशासन की बदनामी हो रही है। इसका असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन खुद के डाक्टरों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है। प्रिंसिपल से बिना पूछे डाक्टर दूसरे डाक्टर के खिलाफ एफआईआर करा देता है। कालेज और अस्पताल में बाहरी गुंडों को बुलाया जाता है। इनसे राय मशविरा किया जाता है। डाक्टर सचिन और डाक्टर जेपी वर्मा की आपसी लड़ाई ने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को कुछ ऐसे इसी मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया है। जेपी वर्मा और ईएमओ अनुज चैरसिया के खिलाफ एफआईआर हुई है। दोनो भागे भागे फिर रहे हैं। सचिन अपने लोगों के साथ दोनो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इन सबके पीछे कौन है सभी को पता है। लोग मामले को शांत करने के बजाय तूल पकड़ा रहें हैं। पिछले दो दिनों से इस तरह की पैरवी बढ़ रही है। जिससे मामला सुर्खियां बटोर रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में प्रिंसिपल के खिलाफ उनके स्वास्थ महकमें के लोग भी हो गए हैं। उनका कहना है कि प्रिंसिपल चाहते तो मामला इतना न बढ़ता।

### मंत्री के सामने उठेगा मुद्दा, डैमेज कन्ट्रोल में जुटे अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 11 जून को सूबे के डिप्टी सीएम और स्वास्थ मंत्री का प्रतापगढ़ दौरा है। उनका दिन भर का प्रोग्राम है। वो अस्पताल जरुर आयेंगे। उनके सामने डाक्टरों का विवाद, इलाज में लापरवाही, दलाली और शोषण का मुद्दा उठेगा जरुर। इससे होने वाले डैमेज को कंट्रोल करने में जिले के आलाअधिकारी जुट गए हैं। वे लगातार स्वास्थ विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हैं। जिले की बिगड़ी स्वास्थ सेवा को सुधारने में जुट गए है। लोगों को कुर्सी जाने का खतरा सताने लगा है।

### बाइंतजामी का शिकार हुए इमरजेंसी सेवा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईएमओ अनुज चैरसिया के खिलाफ एफआइआर होने के बाद इमरजेंसी वार्ड और उसकी सेवाएं बाइंतजामी का शिकार है। जूनियर और सीनियर डाक्टर कब आते हैं कब जाते है। कुछ पता नहीं। जबकि प्रिंसिपल ने मीटिंग में सभी को ड्यूटी के प्रति सचेत किया था। इमरजेंसी वार्ड में लगा डाक्टरों का ड्यूटी बोर्ड भी लापरवाही की तरफ इशारा कर रहा है।

# सामूहिक दुष्कर्म में चार को आजीवन कारावास की सजा

## अर्थदण्ड की राशि न अदा करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में अशोक कुमार वर्मा, रवि कुमार वर्मा, राजिश राम वर्मा, दिनेश वर्मा उर्फ रईस निवासीगण महदहा थाना पट्टी को दोषी पाते हुए प्रत्यऐक को कठोर आजीवन कारावास व प्रत्येक अभियुक्त को पचास-पचास हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया।अर्थदंड की राशि अदा न करने पर 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि अंकन दो लाख रुपया पीड़िता को उसके चिकित्सा एवं मानसिक आधार की पूर्ति तथा उसके पुनर्वास हेतु प्रदत्त किया जाए। वादी मुकदमा पीड़िता ने थाना अध्यक्ष पट्टी को इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि वह 30 जनवरी 2017 को अपने घर से बकरी चराने कोयरी का तारा पर बकरी चरा रही थी समय लगभग ढाई बजे उसी के पास के गांव के अशोक कुमार, दिनेश कुमार, रवि कुमार व राजिज राम बर्मा ताश खेल रहे थे, तभी सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। राज्य की ओर से पैरवी लोक अभियोजक देवेश चन्द्र त्रिपाठी व अशोक कुमार त्रिपाठी ने की।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। जमालपुर के लल्लूलाल की पत्नी अनीता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती नौ जून को गांव के हरीलाल पुत्र जगेश्वर तथा हरीलाल की मां व उसकी भाभी ने रंजिशन उसे लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपियो ने पीड़िता को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है।

# बदलते रहे निजाम, नहीं तोड़ सके बेल्हा के तस्करों का चक्रव्यूह

## मादक माफियाओं के साथ पुलिस पर भी होती रही है कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मादक तस्करों के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए शासन ने जिले के निजामों को बदलता गया लेकिन माफियाओं पर कोई अंकुश नही लग सका। आए दिन अवैध गांजा व शराब की तस्करी यहां आम बात सी हो गई है। फिलहाल तस्तकरों पर अंकुश को लेकर उनके साथ-साथ पुलिस पर भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन तस्करों का अवैध कार्य रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है।

जिले में कई दशक से अवैध गांजा व अवैध शराब के तस्करी का धंधा जोरो पर चल रहा है।आए दिन मादक तस्करों पर पुलिस कार्रवाई भी करती है।यही नहीं लगभग एक दशक से कई तेज तर्रार कप्तान आए लेकिन तस्करों के चक्रव्यूह को तोड़ने में किसी के हाथ कोई खास सफलता नही मिल सकी है। हलांकि तस्करों के साथ-साथ पुलिस विभाग पर भी बड़ी कार्रवाई हो चुकी है। 2014 में रहे कप्तान अनंतदेव ने मादक तस्करों पर पूरे जिले में शख्त कार्रवाई की थी। उस समय शराब माफियाओं पर लगी धाराएं चर्चा का विषय बन गई थी। 2020 मे रहे कप्तान अभिषेक सिह ने भी तस्करों पर जमकर अभियान चलाया।कई तस्करो के विरूद्व कार्रवाई भी की। मई-2020 में एक सफारी गाड़ी जिस पर उ०प्र० शासन लिखा हुआ था उससे तस्कर समेत तीन कुंतल गांजा पकड़ा था।उसके बाद जिले में आकाश तोमर ने कोहडौर क्षेत्र के वृजेन्द्रमणि इ०का० के पास घेराबंदी करके 690 किलो अबैध गांजा एक कंटेनर से बरामद किया था। वही मार्च-021 में उदयपुर थाना क्षेत्र के कटरिया गाँव में शराब पीने से दो भाईयों समेत कई लोगों की मौत के मामले एसओ को निलंबित कर दिया था और शराब माफिया आहड़बीहड़ निवासी पवन सिहं के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था।हलांकि उक्त मामले में आरोपी अभी भी फरार चल रहा है।

अप्रैल 021 मे हथिगंवा थाना क्षेत्र के बलीपुर के झाझा में अवैध शराब की फैक्ट्री का खुलासा कर बड़ी कार्रवाई की थी। उसके बाद जिले की कमान तेज तर्रार कप्तान सतपाल अंतिल ने थामी। इन्होने भी मादक तस्करों के विरूद्ध अभियान चला रखा है।अभी हाल ही में गांजा की अवैध विक्री की पुष्टि होने पर कोहड़ौर के एसओ व मदाफरपुर चैकी के पूरे स्टाफ पर एसपी की कार्रवाई को लेकर पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया था। यही नहीं, कई तस्करों पर आए दिन कार्रवाई की जा रही है। 7 जून की रात पुलिस ने घेराबबंदी करके 78 किलो अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा वही दूसरा साथी संग भागने में सफल रहा है। लाख प्रयास के बावजूद पुलिस तस्करों के चक्रव्यूह को तोड़ने में नाकाम साबित दिखती नजर आ रही है।

### गांजा का बाजार बना रानीगंज कैथौला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले की सीमा पर लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित रानीगंज बाजार व आस-पास के क्षेत्रो में अवैध गांजे की विक्री जोरो पर हो रही है। क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे मादक पदार्थों से युवा वर्ग नशेड़ी की डगर पर चल चुका है।तंबाकू चिलम वाली कहां मिलती है पूछने पर लोग कई दुकानों का नाम दाम बता देते है। कहां सबसे अच्छी मिलती यहां तक लोग दशार्ने से बाज नही आते है।

## आरोपियों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन हुई मारपीट में आरोपियों के खिलाफ बलवा तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के उमरपुर निवासी गयादीन के पुत्र पयाग ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ जून को गांव के कल्लू उर्फ हरिश्चंद्र, रोहित व मोहित तथा पुनेहरी के नीरज व हरिश्चंद्र के घर की महिलाओं ने लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे पर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियों ने पीड़ित को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### अदालत के आदेश को डीएम ने लिया संज्ञान

**कौशाम्बी।** मनरेगा मजदूर से काम कराए जाने के बाद उसकी मजदूरी दूसरे के बैंक खाते में भेज कर घोटाला किए जाने से पीड़ित मनरेगा मजदूर ने अदालत का दरवाजा खटखटाया जिस पर अदालत ने ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड तलब कर लिया है इस मामले की जानकारी जैसे ही जिला अधिकारी को लगी उन्होंने सीडीओ को निर्देशित किया है सीडीओ ने उपयुक्त श्रम रोजगार को पत्र लिखकर नियत तिथि पर अदालत में ग्राम पंचायत के अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों को रोजगार देने के नाम पर बड़े पैमाने पर हेराफेरी किए जाने का मामला आए दिन सुर्खियों में रहता है इस मामले में तब हड़कंप मच गया जब मनरेगा मजदूर ने अदालत की शरण ले ली है मनरेगा मजदूर की मजदूरी का रिकॉर्ड अदालत ने तलब किया है। जानकारी मिलते ही डीएम ने सीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अदालत की नियत तिथि पर अदालत में मनरेगा मजदूर के रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं । इसी तरह का एक मामला फिर सुर्खियों में है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा में मजदूरी करने वाले वसीम अहमद ने पंचायत सचिव रविदत्त मिश्रा और तत्कालीन खंड विकास अधिकारी को मजदूरों की मजदूरी में हेराफेरी करने के मामले में भ्रष्टाचार का दोषी बताते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक परिवाद संख्या 3856 सन 2019 दाखिल किया है इस मुकदमे की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत के मनरेगा भुगतान के अकाउंट विवरण को 30 मई 2022 तक अदालत में देने के लिए कहा है लेकिन जब 30 मई को अदालत में अभिलेख नहीं पहुंचे तो फिर से अगली तारीख 21 जून को रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश डीएम को दिए गए हैं अदालत के इस निर्देश पर डीएम ने सीडीओ को पत्र लिखकर नियति तिथि पर अदालत में रिकार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# 8 घरों का सब कुछ लील ले गयी बिकराल आग

अखंड भारत संदेश



आग बुझाते ग्रामीण



अग्निकांड के बाद का दृश्य

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में गुरुवार की दोपहर लगभग 11:00 बजे अचानक ग्रामीणों के घरों में आग लग गई देखते देखते 8 घरों को आग ने अपने आगोश में ले लिया इस अग्निकांड में 8 घरों की गृहस्थी पशु नगदी जेवर कपड़ा बर्तन बिस्तर जलकर खाक हो गई हैअग्निकांड में दस लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जाता हैं जिससे ग्रामीणों के सामने मुसीबत का पहाड़ खड़ा हो गया है डेढ़ घंटे तक आग का विकराल तांडव नृत्य कर रहा था भयभीत ग्रामीणों ने समरसेबल चलाकर पानी से आग बुझाने का प्रयास किया सूचना के बाद मौके पर थानेदार भवानी सिंह भी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं घटना के 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची है और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है इस अग्निकांड में सुखलाल चंद्रभान प्रदीप पाल गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है अग्निकांड में 4 भैस दो बकरी पूरी तरह से जल गई हैं जिनसे उनकी मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक गोराजू गांव में शिव मूरत पुत्र देवराज आदि के घर के पीछे विशाल तालाब है इस तालाब में गांव के लोग कूड़ा कचरा फेंकते हैं अचानक 11:00 बजे दिन में तालाब के कूड़े में आग लग गई और देखते देखते आग के विकराल रूप धारण कर लिया और गांव के शिव मूरत वा राम सूरत पुत्र देवराज चंद्रभवन पुत्र राम हर्ष और उनके बेटे हरिओम का घर तेज लपटों से जलने लगा गांव के पप्पू पाल पुत्र राम सूरत सुखलाल चंद्रभान और प्रदीप पाल आदि के घर को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया इस अग्निकांड में शिवमूरत की तीन भैस दो बकरी जलकर मर गई है और उसके घर का कपड़ा बर्तन बिस्तर दो साइकिल आदि जल गया है शिवमूरत रोजी-रोटी के चक्कर में दिल्ली में रहता है रामसूरत के घर में भी एक भैंस जल जाने से उसकी मौत हो गई है इनके भी घर में कपड़ा बर्तन बिस्तर गृहस्थी जलकर खाक हो गयी है हरि ओम के घर में सोने चांदी के जेवर 30 हजार रुपए नकदी कपड़ा बिस्तर बर्तन आदि जलकर खाक हो गया है और इनके पिता चंद्र भवन के घर में भी कपड़ा बर्तन बिस्तर लगभग 20 बोरी अनाज गृहस्थी के सामान सहित 30 हजार रुपए का नुकसान बताया जाता है इस अग्निकांड में पप्पू पाल की एक साइकिल जल गई है आग की तेज लपटें देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए और मदद की गुहार लगाई आग लगने की जानकारी मिलते ही पूरे गांव के लोग आग बुझाने पर टूट पड़े हैं 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग शांत हुई है घटना के बाद इन ग्रामीणों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है घर मकान भी अग्निकांड में नष्ट हो गए हैं रहने को जगह नही बची है अब इन पीड़ितों की मदद कौन करेगा इनके सामने बड़ा सवाल खड़ा है सूचना पाकर लेखपाल मौके पर पहुंचा है।

### फिर उजागर हुई संवेदनहीनता नहीं पहुंचे बड़े अधिकारी बड़े नेता

**पश्चिम शरीरा कौशांबी।** गोराजू गांव में आठ घरों में आग लग जाने के बाद सब कुछ तबाह हो गया है लेकिन मंच पर मुँह चीरकर बड़े बड़े भाषण देने वाले जनता के हिमायती बनने का ढोंग करने वाले अधिकारी और नेता माननीय पीड़ितों के घर दुख की घड़ी में मरहम लगाने नही पहुँचे है।

### शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु पंजीकरण किया जाए सुनिश्चित : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में जन्म-मृत्यु पंजीकरण योजनान्तर्गत जिला स्तर पर गठित अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में बताया गया कि सभी नगर पंचायत/नगर पालिका, प्रत्येक ग्राम पंचायतों, सभी सी0एच0सी0 एवं जिला अस्पताल में जन्म पंजीकरण किया जाता है। 39 इकाइयों में ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पा रही है, ऑफलाइन पंजीकरण किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण में आ रही समस्याओं का निस्तारण कर शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु पंजीकरण सुनिश्चित किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 के0सी0 राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। डीएम ने सभी पशु चिकित्साधिकारियों,उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, सभी ए0डी0ओ0 (पंचायत) एवं सचिव, ग्राम पंचायतों को नियमित/ प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण आख्या रजिस्टर पर अवश्य अंकित करने के निर्देश दिये।

# योगी के जल्लाद चौकी इंचार्ज ने ब्रिटिश अत्याचार की याद करा दी ताजा

अखंड भारत संदेश

### ट्रक चालक को जल्लाद की तरह पीटने वाले चौकी इंचार्ज के बचाव में बयान बाजी कर रहे हैं पुलिस अधिकारी



पुलिस पिटाई के बाद लाठियों की चोट दिखाता ट्रक चालक

**कौशांबी।** शासन प्रशासन बार-बार पुलिस कर्मियों को अपने आदत सुधार करने की हिदायत दे रहे हैं लेकिन पुलिस अपनी बेहतर छवि बनाने का प्रयास नहीं कर रही है आए दिन जल्लाद पुलिसकर्मियों के कारनामे पूरी पुलिस व्यवस्था को शर्मसार कर देती है और जल्लाद पुलिस कर्मियों के कारनामों पर उन्हें बचाने का प्रयास कुछ अधिकारी करने में लगे हैं जिससे पुलिस वर्दी कलंकित हो रही है ताजा मामला पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सललाहपुर चौकी इंचार्ज का है जिसने वसूली न मिलने पर एक ट्रक चालक को इतनी बेरहमी से पीटा है कि चालक के शरीर में पड़े लाठियों के निशान देखकर ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचार की याद ताजा हो गई है पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर चौकी अंतर्गत शिवाला के पास एक ट्रक चालक को रोककर कुछ लोगों ने उस पर कार में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए ट्रक चालक की पिटाई शुरू कर दी जबकि ट्रक चालक अपनी साइड में था और कार उल्टी दिशा से घुसकर तेज रफ्तार से आई थी ट्रक चालक जान बचाकर पुलिस चौकी पहुंचा और दबंगों के कारनामे पुलिस को बताते हुए पुलिस से मदद मांगी लेकिन पुलिस ने मदद करने के बजाय ट्रक चालक पर ही अत्याचार शुरू कर दिया भीड़ के बीच में बेरहम पुलिस ने ट्रक चालक की लाठियों से पिटाई शुरू कर दी बाद में उसे कमरे में बंद कर भी पीटा गया है पुलिस की लाठी बरसती रही चालक कराहता रहा देखने वाले की भी रूह कांप गई लेकिन पुलिस का अत्याचार नहीं बंद हुआ पुलिस की लाठी के निशान चालक के पूरे शरीर में दिखाई पड़ रहे हैं मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से डीजीपी तक पहुंची जिस पर पुलिस अधिकारियों ने सफाई देते हुए कहा है कि चालक की पिटाई पुलिस ने नहीं की है अब सवाल उठता है कि पुलिस के कब्जे में मौजूद चालक के शरीर में लाठी के निशान कैसे पड़े हैं इसका जवाब देने में पुलिस अधिकारी निरुत्तर हो जाते हैं। ट्रक चालक टेकचंद मौर्या का आरोप है कि पुलिस चौकी इंचार्ज और एक मनचले दरोगा ने दबंगो से मिलकर ट्रक चालक से रात 11:00 बजे 20 हजार रुपए भी छीन लिया और जब उसने बड़े अधिकारियों से शिकायत करने के लिए कहा तो उसको और उसकी दस चक्का ट्रक को थाना पुरामुफ्ती में बंद करवा दिया उसके बाद फिर दूसरे दिन 15 हजार रुपए कोतवाल उपेंद्र सिंह के कहने पर कोतवाल के ड्राइवर ने 15 हजार रुपए ले लिया रकम मिल जाने के बाद चालक को छोड़ा पुलिस के कब्जे से ट्रक चालक के छूटने के बाद पता चला कि घटनास्थल के करीब ही एक अलग कमरे में ले जाकर चौकी इंचार्ज ने ड्राइवर टेकचंद मौर्य को जमकर बेरहमी से पीटा है अब देखना यह है कि जल्लाद चौकी इंचार्ज पर आला अधिकारी कार्यवाही करते हैं या फिर योगीराज में जल्लाद चौकी इंचार्ज को बचाने के लिए पुलिस अधिकारी भी अपनी ऊर्जा लगा देते हैं।

# उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने की सकिपा ने उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

### अजय सोनी ने कहा कि उदहिन बाजार में बस स्टॉप बनने से सिराथू कस्बे में जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा



**कौशाम्बी।** गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में उदहिन बाजार स्थित जिला पंचायत के विलेज हाट में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उदहिन बुजुर्ग समेत कई क्षेत्रीय गांवों जैसे कलुआपुर, गंभीरा पूरब, उदहिन खुर्द, जगन्नाथपुर के कई लोग शामिल हुए। बैठक में उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने की सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग करने पर विचार विमर्श किया गया जिस पर सभी मौजूद लोगों ने समर्थन किया और उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने की सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की।

इस अवसर पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि सैनी एवं मंझनपुर बस स्टॉप के अलावा आसपास के कई कस्बों एवं बाजारों जैसे उदहीन, नारा, कनपुरवा, धाता, आदि जगहों पर कोई सरकारी रोडवेज का बस स्टॉप नहीं है। इससे सैकड़ों गांवो के यात्रियों को आवागमन में भारी दिक्कत होती है। अगर उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बना दिया जाए तो सैकड़ों गांवो के लोगों को बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कानपुर आदि जनपदों की यात्रा करने में आसानी होगी। साथ ही सिराथू, धाता कस्बों के बीच एक रोडवेज बस स्टॉप बनाए जाने की जरूरत भी है जिसकी मांग स्थानीय गांवों के लोगों द्वारा अरसे से की जा रही है। उदहिन बाजार में बस स्टॉप बन जाने से लोगों की पुरानी मांग भी पूरी हो जाएगी। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि मंझनपुर मुख्यालय से नहर होकर उदहिन बाजार तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से रोडवेज बसों का संचालन आसान हो जायेगा। उन्होंने बआगे कहा कि सिराथू कस्बे में हाल ही में निर्मित हुए ओवरब्रिज के कारण मंझनपुर से सिराथू होकर सैनी की ओर रोडवेज की बसों के संचालन में दिक्कत हो रही है। ऐसे में उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने से मंझनपुर वाया उदहिन, सिराथू, सैनी रोडवेज बसों का संचालन आसान हो जाएगा और सिराथू कस्बे में जाम से छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही उदहिन बाजार एवं आसपास के कई गांवों का विकास होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। ऐसे में प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को चाहिए कि उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। आगे कहा कि जल्द ही इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन एवं रोडवेज विभाग के अधिकारियों से मिलकर एक मांगपत्र (ज्ञापन) सौंपा जाएगा और उदहिन बाजार में अंतर्जनपदीय रोडवेज बस स्टॉप बनाने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर अखिलेश तिवारी, राज बहादुर सिंह पटेल, राम तीरथ सिंह, प्रदीप सोनी, प्रेमचन्द्र सेन, रामकरन दिवाकर समेत कई क्षेत्रीय गांवों के लोग मौजूद रहे।

# स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया गया योगी आदित्यनाथ महाराज का 51वां जन्मोत्सव

### योगी महाराज के 51वें जन्मोत्सव पर 51 किलो लड्डू भेंट कर व तिलक लगा कर दीर्घ आयु होने की कामना की

अखंड भारत संदेश






योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर उपस्थित मंचासीन विश्व हिंदू महासभा के नेता तथा उपस्थित भीड़

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव जनपद कौशाम्बी में जिलाध्यक्ष नरेश चन्द्र केसरवानी के नेतृत्व में बड़ी ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया गया।

दिनांक 08 जून को विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देशन में एवं राम प्रसाद यादव मंडल प्रभारी प्रयागराज के मार्गदर्शन में जनपद कौशाम्बी में विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष नरेश चन्द्र केसरवानी की अध्यक्षता में एवं पंडित सीताराम विश्वकर्मा अधिवक्ता उच्च न्यायालय व जिला उपाध्यक्ष के संचालन में,विकास भवन के सरस हाल₹ में गोरक्षपीठाधीश्वर लोकसन्यासी हिन्दू हृदय सम्राट विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ महाराज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का 51वॉ जन्मोत्सव भव्य कार्यक्रम के साथ मनाया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चौधरी योगेन्द्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ ,विशिष्ट अतिथि मनोज प्रजापति प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ ने दीप प्रजज्वलित कर तथा जिलाध्यक्ष नरेश चन्द्र एवं जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीगण योगी महाराज के 51वें जन्मोत्सव पर 51किलो लड्डू भेंट कर व तिलक लगा कर दीर्घ आयु होने की कामना करते हुए समारोह का शुभारम्भ किया ।समारोह कार्यक्रम में प्रवीण दुबे प्रदेश मंत्री गोरक्षा प्रभू नारायन श्रीवास्तव अधिवक्ता प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती रचना त्रिवेदी मातृशक्ति, श्रीमती दीपा श्रीवास्तव मातृशक्ति, श्रीमती ज्योति केसरवानी मातृशक्ति जय प्रकाश पाण्डेय मंडल प्रभारी व सुशील पाण्डेय मंडल महामंत्री विशिष्ट अतिथिगणों को नरेश चन्द्र केसरवानी व जिला कार्यकारिणी द्वारा माल्यार्पण व स्वागत अभिनन्दन किया गया तथा जिलाध्यक्ष नरेश चन्द्र तथा महामंत्री वीरेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर एवं पगड़ी पहनाकर भव्य तरीके से सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि चौधरी योगेन्द्र सिंह व मनोज प्रजापति ने अपने सम्बोधन में कहा कि अखण्ड भारत, सुदृढ़भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं हिन्दुत्व सामाजिक समरसता का प्राण है,पर ओजस्वी तरीके से बल देते हुए समस्त हिन्दुओं का अहवान किया ।जिला कौशाम्बी के शौर्यता के प्रतीक के रूप में जिलाध्यक्ष नरेश चन्द्र केसरवानी एवं जिला कार्यकारिणी ने सामूहिक से उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि चौधरी योगेन्द्र सिंह एवं मनोज प्रजापति को तलवार भेंट देकर सम्मानित किया योगी आदित्यनाथ महाराज के 51वें जन्मोत्सव को स्वाभिमान दिवस के रूप मनाए जाने एवं ₹हिन्दुत्व सामाजिक समरसता का प्राण है₹इस पर प्रबल तरीके से प्रचार प्रसार करने हेतु मुकुन्दी लाल केसरवानी नगर अध्यक्ष मंझनपुर सुभाष चन्द्र जिला मंत्री,पंडित सीताराम विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र केसरवानी महामंत्री,तथा विकास यादव कोषाध्यक्ष आदि पदाधिकारियो ने सम्बोधित किया भव्य जन्मोत्सव समारोह में कई सौ लोग मौजूद रहे ।जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम का मंच संचालन पंडित सीताराम विश्वकर्मा अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने किया एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष नरेश चन्द्र केशरवानी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित करते हुए किया।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य जिले की देखी हकीकत

### सहावनपुर में रेप पीड़िता बालिका के घर पहुँची सदस्य घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली, हरसम्भव मदद को सम्बन्धित अधिकारियों को किया निर्देशित

अखंड भारत संदेश



जिला अस्पताल का निरीक्षण कर बाहर निकलती बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला पटेल

**कौशाम्बी।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य निर्मला पटेल ने जिले के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर बालिकाओं के लिए चलने वाली योजनाओं की हकीकत देखी है संयुक्त जिला चिकितसालय, वन स्टाप सेन्टर, ऑगनबाड़ी केन्द एवं खुला आश्रय गृह का उन्होंने निरीक्षण किया उन्होंने मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य निर्मला पटेल वन स्टॉप सेंटर पहुँच गयी जहाँ उन्होंने देखा कि मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा कार्य में उदासीनता बरती जा रही है उदासीनता पाये जाने पर सख्त नाराजगी प्रकट करते हुए जिम्मेदारी पूर्वक कार्यो का निर्वहन करने के निर्देश दिए है सदस्या ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई पीड़ित बालिकाओं के घर जाकर हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। सदस्या,उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती निर्मला पटेल ने अपने दो दिवसीय जनपद कौशाम्बी भ्रमण के प्रथम दिन संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। सदस्या ने संयुक्त जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एस0एन0सी0यू0 वार्ड के निरीक्षण के दौरान भर्ती 17 बच्चां के परिजनों से वार्ता कर चिकित्सकों को बच्चों की बेहतर देखभाल एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने पीकू वार्ड का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये सदस्या ने वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के दौरान पाक्सो पीड़ित आवासित 03 बालिकाओं से वार्ता की तथा वन स्टाफ सेन्टर में गन्दगी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये एवं मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर द्वारा कार्य में उदासीनता बरतने पर सख्त नाराजगी प्रकट करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक अपने कार्यो का निर्वहन करने एवं किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये तत्पश्चात सदस्या ने आंगनबाड़ी केन्द्र, दीवर कोतारी के निरीक्षण के दौरान बच्चों को अन्नप्रासन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई किया। इसके साथ ही सदस्या ने पिंडरा सहावनपुर में रेप पीड़िता बालिका के घर जाकर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए हरसम्भव मदद करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया सदस्य ने गॉधी नगर, मंझनपुर में कोविड-19 से प्रभावित बच्चों से मुलाकात कर स्वास्थ्य आदि की जानकारी प्राप्त की सदस्य द्वारा स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित खुला आश्रय गृह, दारानगर, सिराथू का भी निरीक्षण किया गया तथा आयोजित योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया सदस्या ने कड़ाधाम थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बारा हवेली खालसा की पीड़िता के घर जाकर पीड़िता के परिजनों से वार्ता करं न्याय दिलाने तथा हरसम्भव मदद करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सदस्या ने पर्यावरण संतुलन एवं वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण कर जनपदवासियों को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजनाधिकारी, प्रभारी महिला थाना, सदस्य बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी, तथा आई सी0पी0एस0 एवं महिला शक्ति केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

# मंझनपुर बाजार मे पुलिस बल के साथ एसपी ने किया फुट पेट्रोलिंग



मंझनपुर में भ्रमण करते पुलिस अधीक्षक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बुधवार की शाम मंझनपुर कोतवाली पुलिस टीम के साथ मंझनपुर कस्बा आबादी आदि क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया है। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा मंझनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंझनपुर बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों मे पुलिस बल के साथ फुट पेट्रोलिंग की गयी एवं पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

संपादकीय

# पंजाब संभालने में नाकाम आप

**आम** आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल का पूरा ध्यान इस वक्त हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनावों पर है। पंजाब में कांग्रेस को हरा कर अरविंद केजरीवाल यह मान कर चल रहे हैं कि अब हिमाचल प्रदेश और गुजरात में भी मतदाता उनके कायल हो जाएंगे। उनके साधारण तरीके से बात करने की शैली को पसंद करेंगे और इस बार उन्हें मौका जरूर देंगे। दरअसल पंजाब चुनावों के वक्त लग रहा था कि कांग्रेस फिर से सत्ता में आ जाएगी, क्योंकि चरणजीत सिंह चन्नी भी जनता के बीच के और जनता से जुड़े मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन केवल सादगीपूर्ण होना आज की राजनीति में मायने नहीं रखता। मतलब तो इस बात से है कि आप जनता को किस तरह अपनी बातों से सहमत करा सकते हैं। कांग्रेस में तो आलम ये था कि मुख्यमंत्री, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष और पंजाब चुनाव के प्रभारी, सब अलग-अलग दिशाओं में बात करते थे और एक दूसरे का खुला विरोध करने से भी संकोच नहीं करते थे। आलाकमान ने इस झगड़े को खत्म करने की बहुत कोशिश की, मगर जनता के बीच कांग्रेस की छवि बिगड़ गई और उसका भारी नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई और पंजाब की डोर अरविंद केजरीवाल के हाथों में आ गई। उन्होंने भगवंत मान को मुख्यमंत्री बना दिया, इसके बाद राज्यसभा के लिए भी कुछ ऐसे उम्मीदवारों को चुना, जो आम आदमी से बिल्कुल विपरीत अपनी दौलत के कारण अतिविशिष्ट व्यक्तियों की तरह रहते हैं। अरविंद केजरीवाल का यह चयन जाहिर करता है कि आम आदमी पार्टी को किन लोगों से, किन स्त्रोतों से वित्त पोषण मिलता है। बहरहाल, आम आदमी पार्टी अपने स्तर पर किसी समर्थक, प्रायोजक या कार्यकर्ता के लिए किस तरह के फैसले लेती है, यह उसका आतंरिक मामला है। लेकिन जब बात व्यापक हितों से जुड़ी हो तो फिर अपने फैसलों पर गौर फरमाना चाहिए। अभी यह नजर आ रहा है कि पंजाब में न केवल कानून व्यवस्था अनियंत्रित हो रही है, बल्कि नई सरकार आने के बाद से वहां अलगाववादी ताकतें सक्रिय हो रही हैं। राहुल गांधी ने पंजाब चुनाव प्रचार के दौरान एक बार वहां की जनता को आगाह किया था कि ये राज्य सीमा पर है, इसलिए यहां सोच-समझ कर फैसले लेने की जरूरत है। ऐसे लोगों की जरूरत है, जिन्हें पंजाब के मिजाज के हिसाब से सत्ता चलाने का अनुभव हो। लेकिन जनता ने आम आदमी पार्टी को सत्ता का अधिकारी बनाया। और अब ऐसा लग रहा है कि जिस खालिस्तान आंदोलन को बड़ी मुश्किल से शांत कराया गया था, जिसमें कई बड़े नेताओं की आहूति ले ली गई, वो आंदोलन फिर से सिर उठा रहा है। कल आपरेशन ब्लू स्टार की 38वीं बरसी थीं। इस मौके पर स्वर्ण मंदिर में कई युवक हाथ में 'खालिस्तान जिंदाबाद' की तख्तियां थामे नजर आए। उन्होंने मारे गए अलगाववादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले की तस्वीर वाली टी-शर्ट भी पहन रखी थी। गौरतलब है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए एक सैन्य अभियान चलाने का फैसला लिया गया था, जिसे 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के नाम से जाना जाता है। इस फैसले से सिख समुदाय के बहुत से लोग नाराज थे। और अब उसकी 38वीं बरसी पर सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त के पास स्वर्ण मंदिर में संगमरमर से बने परिसर में खालिस्तान समर्थक नारों की गूंज सुनाई दी। मौके पर मौजूद पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के कार्यकर्ताओं ने भी खालिस्तान समर्थक नारे लगाए।

# बच्चों की मौत को रोकने के हो सार्थक प्रयास

रमेश सर्राफ

**कहते** हैं कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चे ही बड़े होकर देश के विकास को आगे बढ़ाते हैं। कम उम्र में ही बच्चों की प्रतिभा का पता चल जाता है कि आगे चलकर यह विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्ति बनेगा। मगर दुनिया में बहुत से बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने जन्म से पांच साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर मर जाते हैं। इस तरह मरने वाले बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। भारत में भी हर दिन पांच साल से कम उम्र के बच्चे बड़ी संख्या में मौत के मुंह में चले जाते हैं। आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों की इस तरह से मौत होना बहुत ही दुखदाई तो है ही साथ ही दुनिया के सामने एक यक्ष प्रश्न भी है कि नवजात बच्चों की इस तरह से होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है। हालांकि पिछली सदी के मुकाबले बच्चों की मौत को काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। मगर आज भी बड़ी संख्या में बच्चों की मौत सभी को दुखी कर रही है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भी मुकाबला दुनिया ने बड़ी हिम्मत के साथ किया था। भारत सहित दुनिया के कई देशो के वैज्ञानिकों ने मात्र आठ महीनों में ही कोरोना से बचाव की दवा बना कर काफी हद तक कोरोना महामारी पर नियंत्रण पा लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब कोरोना जैसी महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है तो फिर बच्चों की होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है। निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का बड़ा कारण है। इसके उपचार में देरी बच्चे की जान के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के चलते नवजात शिशुओं की मौत पर नियंत्रण लगाना कितना मुश्किल है। इसका पता सेव दि चिल्ड्रन संस्था द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से चलता है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर साल दस लाख से अधिक बच्चे एक दिन से ज्यादा जीवित नहीं रह पाते। रिपोर्ट ने प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और जन्म से जुड़ी जटिलताओं को इन मौतों की सर्वाधिक प्रमुख वजह माना है। जन्म के समय उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य



नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार 40 प्रतिशत बच्चे ग्रोथ की समस्या के शिकार हैं। 60 फीसदी बच्चे कम वजन का शिकार हैं। यह स्थिति चिंताजनक है और युद्ध के पैमाने पर इस समस्या के समाधान के लिए रणनीति बनाया जाना जरूरी है। सूडान और कई दक्षिणवर्ती अफ्रीकी देशों के 51 प्रतिशत मामलों में किसी प्रशिक्षितकर्मी के मौजूद न होने की बात सामने आई है

कार्मिकाओं की जरूरत को तमाम स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्ता रेखांकित करते रहे हैं। इस बात को रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया है कि अगर जन्म के समय प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हों तो लगभग आधी मौतों को टाला जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं के जानकार मानते हैं कि अधिकांशतः गरीब देशों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं। वहां शिशुओं के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना भी बहुत कम होती है। खुद भारत की स्थिति भी इस मामले में बहुत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता वाला क्षेत्र होता है। किसी भी समाज की खुशहाली का अनुमान उसके बच्चों को देखकर लगाया जा सकता है। लेकिन जिस समाज में हर साल लाखों बच्चे इस दुनिया में अपना एक दिन भी पूरा नहीं कर पाते वह कैसा समाज होगा इसे बताने की जरूरत नहीं। जब देश में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तब ऐसा होना शर्मनाक ही नहीं बल्कि एक घृणित अपराध है। भारत में हर साल 5 साल से कम उम्र के करीब 10 लाख बच्चे कुपोषण के कारण मर जाते हैं। इतना ही नहीं कुपोषण के मामले में भारत दक्षिण एशिया का अग्रणी देश बन गया है। जहां कुपोषण के मामले सबसे अधिक पाए जाते हैं। सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि कुपोषण को चिकित्सकीय आपातकाल करार दिया जाए। उनका कहना है कि ये आंकड़े चैंकाने वाले हैं और अति कुपोषण के लिए आपातकालीन सीमा से ऊपर है। कुपोषण की समस्या को हल करने के लिए पॉलिसी बनाने एवं इसके क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता है।

यूनिसेफ ने द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2019 नाम की अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में पांच वर्ष से कम आयु के हर पांचवें बच्चे में विटामिन ए की कमी है। हर तीसरे बच्चे में से एक को विटामिन बी की कमी है और हर पांच में से दो बच्चे खून की कमी से ग्रस्त हैं। भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में 69 प्रतिशत मौतों का कारण कुपोषण है। इस आयु वर्ग में हर दूसरा बच्चा किसी न किसी रूप में कुपोषण से प्रभावित है। रिपोर्ट में कहा गया है कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या भारत में दक्षिणी एशिया के देशों से बहुत ही ज्यादा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार 40 प्रतिशत बच्चे ग्रोथ की समस्या के शिकार हैं। 60 फीसदी बच्चे कम वजन का शिकार हैं। यह स्थिति चिंताजनक है और युद्ध के पैमाने पर इस समस्या के समाधान के लिए रणनीति बनाया जाना जरूरी है। सूडान और कई दक्षिणवर्ती अफ्रीकी देशों के 51 प्रतिशत मामलों में किसी प्रशिक्षितकर्मी के मौजूद न होने की बात सामने आई है। इन इलाकों में एक करोड़ की आबादी पर सिर्फ तीन सौ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहतें हैं।

हर साल चार करोड़ महिलाएं किसी प्रशिक्षित कर्मचारी की मदद के बिना बच्चों को जन्म देती हैं। इथोपिया में सिर्फ दस फीसदी जन्म प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारी की मदद से होते हैं वहीं ग्रामीण अफगानिस्तान के कुछ इलाकों में तो दस हजार लोगों पर सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्मिका होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैसे तो लोगों की सेहत के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं और मानवाधिकारों की स्थिति में भी सुधार हुआ है। लेकिन अब भी बहुत से इलाकों और समुदायों में बहुत गहरी असमानता बनी हुई है। इनमें से भी करीब एक चैथाई यानी 25 फीसद मौतें सिर्फ भारत में होती हैं। भारत ने पिछले पांच दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। वर्तमान में प्रत्येक एक हजार शिशुओं में से 28 की मौत एक साल का होने से पहले ही हो जाती है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार साल 1971 में भारत की शिशु मृत्यु दर 129 थी। जो साल 2020 में बड़े सुधार के साथ 28 पर आ गई है। पिछले 10 सालों में तो इस में 36 प्रतिशत का सुधार देखने को मिला है। साल 2011 में देश की शिशु मृत्यु दर 44 थी जो अब 28 पर आ गई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि देश ने चिकित्सा क्षेत्र में बहुत अधिक उन्नति की है। आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्र की शिशु मृत्यु दर में सबसे अधिक सुधार हुआ है। 2011 में ग्रामीण क्षेत्र में 48 पर रहने वाली शिशु मृत्यु दर साल 2020 में 31 पर आ गई थी। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में 2011 में यह 29 पर पर रहने वाली शिशु मृत्यु दर 2020 में 19 पर आ गई थी। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

देश के सकल घरेलू उत्पाद का 3.01 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाता है। जो काफी कम है इसे बढ़ाने की जरूरत है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ गांव-देहात तक पहुंचाना होगा।

देश के हर नागरिक को समय पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा मिलना सुनिश्चित हो। तभी भारत में नवजात शिशुओं की मौत पर रोक लगायी जा सकती है।

# मंडी में नेताजी ऑन सेल

रामविलास जांगिड़

**भाई** साहब आपकी नजर किधर है! बिकाऊ नेता इधर है! हां जी भाई साहब ! ये गाड़ी पांच मिनट में चलने वाली है। पांच मिनट बाद हम कहां और आप कहां । लेकिन भाई साहब आप मेरी बात सुन लीजिए ! बहन जी मेरी बात सुन लीजिए ! आप सरकारी नौकरी करते हैं ! आपकी बॉस से खटपट है ! आप ऑफिस नहीं जाना चाहते हैं ! आप ऑफिस का कमीशन खाना चाहते हैं ! आपको हर कदम पर अपनी नौकरी खतरे में नजर आती है ; तो घबराइए मत ! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लीजिए ! खरीदें ! खरीदें ! खरीदें ! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लें । नेता आप के ट्रांसफर पर काम आता है ! नेता आपको कोटा परमिट दिलाता है ! नेता आपको कचरा उठाने का ठेका दिलाता है ! चुनावी मौसम में बहुत ही सस्ती रेट में उपलब्ध है नेता! आप अस्पताल जाते हैं आपको नेता की जरूरत ! आप ऑफिस जाते हैं आपको नेता की जरूरत ! आप थाने में रपट लिखाने जाते हैं तब भी आपको नेता की जरूरत ! तो फिर उठिए ! एक नेता खरीद लीजिए ! फिर उसे पालतू बना लीजिए ! यही सब कुछ है इस किताब में । भाइयो ! बहनो ! मेरे हाथ में किताब है नेता कैसे खरीदें ? इस किताब में नेता खरीदने का चित्र सहित वर्णन है । चुनाव के अवसर पर कंपनी ने आपके भले के लिए इसे छापा है । अभी ये किताब खरीदिए ! शाम को नेता खरीदकर खूब मजे कीजिए । चुनाव के टैम पे ; नेता जी है सेल पे ! किताब में हर एक बात का विवरण है । नेता खरीद क्यों ? नेता खरीद कब ? नेता खरीद कैसे ? लीजिए एक अनोखी किताब ! जो आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां भर देगी। कीमत ! कीमत आप पान खाकर थूक देंगे ! चार दोस्तों में चाय पी कर खत्म कर देंगे ! कीमत सिर्फ पांच रुपैया ! पांच रुपैया ! पांच रुपैया ! नेता कैसे खरीदें की कीमत पांच रुपैया ! जिस सज्जन को खरीदना है ; हाथ खड़ा कर लें ! जिस किसी बहन जी को खरीदना है ; हाथ खड़ा कर लें ! किंतु बस में कंपनी ने प्रचार के लिए छपाई का मूल्य पांच रुपये रखा है । नेता की कीमत पांच रुपया ! देख लीजिए भाई साहब ! आप लीजिए भाई साहब ! आप देखिए बहन जी ! देखने का कोई भी दाम नहीं है । कंपनी का प्रचार है आपका फायदा है । चुनावी समय में रेट एकदम डाउन है । लीजिए ! आप भी देखिए साहब ! हां जी , भाई साहब आ रहा हूं ! बहन जी जरा पीछे जाने दें ! लीजिए ! खुल्ले पैसे दीजिए ! हां आ रहा हूं ! ये एक आप लीजिए ! ये दोनों किताबें सिर्फ पांच रुपये में ! हर घर में ; हर ऑफिस में । हर एक मेले में ; हर एक झमेले में । हर संसद में ; हर सड़क पे । हर होटल में ; हर मॉटल में । बारह महीनों चौबीसों घंटे ; हरदम काम आने वाली किताब ! चुनाव के समय में अनोखी असरदार ! हां बाबूजी खुल्ले पैसे दीजिए ; या फिर ये चारों सेट ले लीजिए ! बाकी अपने दोस्तों को गिफ्ट कीजिए ! एक नेता अपने दरवाजे बांधिए ; और उसे पालिए ! सच कहूं अगर आपने कोई कुत्ता पाला है तो ये काम कोई मुश्किल नहीं है ! कंपनी का प्रचार है और आपका फायदा है ! आज ही खरीदिए कोई बढ़िया कंपनी का नेता ! नेता कुलमुला रहा है बिकने के लिए । नेता मंडी सज चुकी है । नेता जी मार्केट में बिक रहे हैं । सिर्फ पांच रुपये में नेता बिकाऊ है ।

# जीवन को प्रकाशित करती है- जिजीविषा

सुनील कुमार महला

**आज** हम एक शब्द जिजीविषा पर थोड़ी चर्चा करेंगे। जिजीविषा मुख्यतः संस्कृत भाषा का शब्द है जिसका प्रयोग हिंदी भाषा में कई बार होता है। हम जीवन में इस शब्द का प्रयोग बहुत बार करते हैं। बहुत से कवि भी इस शब्द का प्रयोग अपनी कविताओं में करते हैं लेकिन हमें इसके अर्थ को समझने की आवश्यकता हैं। जिजीविषा से तात्पर्य जीने की प्रबल इच्छा से है। यहां " जि " का अर्थ जिज्ञासा या उत्सुकता, "जी "का अर्थ जीवन तथा" विषा "का अर्थ इच्छा या आकांक्षा से है अर्थात जिजीविषा का अर्थ है कि किसी व्यक्ति ,वस्तु या जीव के प्रति प्रेम या किसी मोह वश जीने की प्रबल आकांक्षा या इच्छाशक्ति से होता है जो किसी को भी जीवन के प्रति प्रेम की जिज्ञासा को उत्पन्न करती है। आज जिजीविषा खत्म होती जा रही है।एक उदाहरण से इसे समझते हैं। आप सभी के साथ मैनें देखा और महसूस किया है कि प्राचीन समय में और आज भी गांवों में जब कोई बूढ़ा व्यक्ति हमें मिलता है तो वह हमारे द्वारा उस बूढ़े व्यक्ति से सामान्य बातचीत के दौरान कुछ पूछने पर हमसें बहुत सी जानकारियां वह बुजुर्ग व्यक्ति जुटा लेता हैं क्योंकि वह हमारे से व्यवहार को बढ़ाना चाहता है, मसलन हमारे द्वारा किसी स्थान पर जाने के लिए रास्ता पूछने पर वह हमारे पिताजी, दादाजी, गौत्र, गांव का नाम , हम क्या करते हैं और क्या नहीं समेत हमारे व हमारे परिवार का पूरा बायोडाटा ले लेता है क्योंकि उसमें जिजीविषा हैं। आज यह जिजीविषा खत्म होती जा रही है, किसी को किसी से कोई मतलब नहीं है, सभी अपने काम से काम रखते हैं, गांवों में तो व्यक्ति में जीने के प्रति जिजीविषा देखने को मिलती हैं लेकिन शहरों में तो यह जिजीविषा खत्म प्रायः सी हो गई है। आज शहरों में रहने वाले बच्चों को अपने परिवार के बारे में पूरी जानकारी नहीं है कि उनके परिवार में कौन कौन है ? माता पिता, भाई बहन की बात अगर हम छोड़ दें तो बच्चों को अपने ताऊ,ताई, चाचा के बच्चों के नाम तक ठीक ढंग से पता नहीं है। बुआ,फूफा, रिश्तेदार के बारे में तो जानकारी बिरले बच्चों को ही होती हैं। आज सभी अपनी ही धुन में जीते हैं। शहरों में तो पडौसियों तक के बारे में भी जानकारी नहीं होती हैं। आज शहरों का वातावरण बहुत बदल चुका हैं।गांव तो आज भी गांव हैं और वहां जिजीविषा हमें दिखती हैं। हमारे गांव के बुजुर्गों में पहले मोह की भावना अंदर तक देखने को मिलती थी,आज भी मिलती हैं तभी शायद वो हमसें या हम उनसे जब मिलते हैं तो वह बड़े ही इत्मीनान और प्यार से हमारे व हमारे परिवार के बारे में मन में अच्छे भाव रखते हुए ,स्नेह रखते हुए हमसें बातचीत करते हैं।आज के समय में हम अपने जीवन में रागात्मकता को जगाते नहीं है।हममें जीवन जीने की कला नहीं है, क्योंकि हमने मोह को छोड़ दिया है, हमें एक दूसरे की भावनाओं से प्यार नहीं रहा। इस दुनिया में जीवन जीने को सभी को मिलता है लेकिन जीवन जीने की कला को हमें खुद ही कमाना पड़ता है। आधुनिकता की आड़ में हम जीवन को जीना भूल चुके हैं और न जाने किस अंधी दौड़ में बस दौड़ते चले जा रहे हैं, भौतिकता हम पर हावी हो रही है और हम बहुत ज्यादा मेटिरियलिस्टक बन गये हैं। यह हमारा दुर्भाग्य नहीं है तो भला और क्या है जो हम अपनी सारी जिंदगी, अपना सारा जीवन धन कमाने, दिन रात दौड़ धूप करने, आपाधापी एवं दुनियादारी के चक्कर में गंवा देते है। आदमी को यह चाहिए कि वह जीवन को समझें, जीवन चक्र को समझें, जीवन के उद्देश्य को समझें।हम सभी किस ओर दौड़ रहे हैं ? इस अंधी दौड़ का उद्देश्य क्या है ?अंग्रेजी में एक बहुत ही महान कवि हुए हैं थामस ग्रे। उन्होंने एक कविता लिखी थी " एलिजी रिटिन इन ए कंट्री चर्चयार्ड" , इस कविता में उन्होंने कहा कि "आल द पाथस आफ ग्लोरी लीड्स बट टू द ग्रेव " ।वाह क्या शानदार अभिव्यक्ति है। थामस ग्रे ने कहा है कि अर्थात यश,प्रतिष्ठा प्राप्त करने के सभी रास्ते मृत्यु की ओर जाते है।मेरे विचार से थामस ग्रे की यह पंक्ति जिजीविषा को समझने के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। जिजीविषा अद्भुत और गहरा शब्द है लेकिन हम इस शब्द के अर्थ को समझ नहीं पा रहे हैं और वैश्वीकरण के इस युग में हमने अपने हृदय को, अपनी आत्मा को भौतिकता में लीन या अनुरक्त कर दिया है। हमारे आस पास क्या घटित हो रहा है, हमें जानकारी नहीं है, सच तो यह है कि हम सुसुप्त अवस्था के आदी हो गये हैं और कभी नींद से जागना नहीं चाहते हैं, न जाने हम लोग कहाँ खोये हैं ? अपनत्व की भावनाएं आज अपना अस्तित्व खो रही है, प्यार नहीं है, लगाव नहीं है। आप प्राचीन समय को देखें, आपको वहां ज्यादा अपनत्व, ज्यादा भावनाएं नजर आयेंगी।पहले आदमी, आदमी का महत्व समझता था, इंसानियत की भावना थी।जीवन में प्यार था, जीवन के प्रति रागात्मकता अधिक थी। जीवन जीने की कला थी, जीवन में सत्यं,सुंदरम् की भावना थी,आज जीवन पदार्थ या पुद्गल के अधीन है, हम सभी पदार्थ से हर तरफ से घिरे हुए हैं। पदार्थ से हमें कभी छुटकारा नहीं मिलता और न ही हम पदार्थ से छुटकारा पाने के इच्छुक ही नजर आते हैं। हम भौतिकवादी हो गए हैं। हमारा सारा का सारा ध्यान धन और ऐश्वर्य हासिल करने की ओर है। लेकिन हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि धन में ,ऐश्वर्य में कभी प्रेम या प्यार नहीं बसता हैं।मनुष्य की यात्रा गलत दिशा में है, जहां कभी मंजिल नहीं मिल सकती। यदि हम जीवन में मंजिल को पाने के इच्छुक हैं तो हमें जीवन में प्यार को जगाना होना, जीवन में जिजीविषा होनी चाहिए। बिना जिजीविषा के हमारा जीवन उस खाली घड़े के समान हैं जिसको देखकर हम खुश तो हो सकते हैं लेकिन वह किसी की प्यास नहीं बुझा सकता है। जिजीविषा को अपनाकर हम अपने जीवन को आनंददायी और सुखमय बना सकते हैं। हमें जीवन के उजले पक्ष को देखने का प्रयास करना चाहिए। जीवन का काला और स्याह पक्ष हताश और हारे हुए लोग ही देखते हैं।दूसरे शब्दों में कहें तो जिन व्यक्तियों में जिजीविषा नहीं होती हैं, वे ही ऐसा करते हैं। ईश्वर ने हमें जीवन बख्शा हैं इसलिए यह हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम इसे खुशी, उमंग के साथ जीना सीखें।परेशानियों, समस्याओं से डरें नहीं।

जिजीविषा से इन्हें दूर करने का प्रयास करें। जिजीविषा जीवन में प्रकाश लाती है, जीवन में उमंग भरती है, इसलिए जिजीविषा बहुत ही जरूरी है।

# भारत की विश्व नेता की छवि संकट में

रमेश शर्मा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, उनका पूर्ववर्ती सरकारों के प्रति गहरा दुराग्रह, अहंकार और भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक बढ़ाने के चक्कर में भारत की विदेश नीति आज अपनी पहचान के अभूतपूर्व संकट काल से गुजर रही है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अनेकानेक अदूरदर्शितापूर्ण लिये गये मोदी सरकार के निर्णयों से भारत की एक विश्व नेता की छवि को गहरा धक्का लगा है। देश के भीतर पार्टी एवं मोदी की छवि जो भी हो, वैश्विक स्तर पर देश की साख लगातार मिट्टी होती जा रही है। भाजपा के दो प्रवक्ताओं के हालिया दिये बयानों से इस्लामी देशों में भारत के प्रति नाराजगी इसी क्रम का ताजा घटनाक्रम है जिसके चलते कभी अपनी धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक, समतावादी और समरस समाज के रूप में एक लोकप्रिय राष्ट्र के रूप में पहचान वाले भारत की छवि अब साम्प्रदायिक, अल्पसंख्यक विरोधी और गैर बराबरी को बढ़ावा देने वाले राष्ट्र के रूप में बन गयी है। 70 वर्षों में अर्जित जो अनेक बातें भारत ने मोदी राज में गंवाई हैं, उनमें अंतरराष्ट्रीय जगत में उसकी गरिमा, सम्मान और साख प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने एक टीवी डिबेट में मोहम्मद पैगम्बर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की और दूसरे प्रवक्ता नवीन जिंदल ने सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक भावनाएं भड़काने वाले बयान डाले। इससे मुस्लिम समुदायों में रोष फैलना स्वाभाविक ही था। कानपुर में इसके खिलाफ प्रदर्शन हुए जो हिंसक हो गये। बात यहीं तक नहीं ठहरी बल्कि अनेक इस्लामी देशों में भी नाराजगी हो गई। जो 70 वर्षों में कभी नहीं हुआ वह पहली बार इस रूप में हुआ कि कतर, कुवैत, ईरान आदि देशों ने भारतीय राजनयिकों को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया। अनेक अन्य मुल्कों में भी भारत विरोधी बयान जारी हुए। कतर ने तो भारत देश से ही माफी की मांग कर डाली जो बेहद अपमानजनक है। कई स्टोर्स से भारतीय उत्पाद हटा दिये गये और कूड़ादानों पर मोदी की तस्वीरें चस्पां की गईं। अपने कारोबारी मित्रों को लाभ दिलाने एवं व्यवसाय के लालच में किसी समय करीब डेढ़ सौ गुटनिरपेक्ष देशों का नेतृत्व करने वाले भारत को मोदी ने देखते ही देखते बड़े मुल्कों का पिछलग्गू बना डाला और अपने तमाम पड़ोसी राष्ट्रों से संबंध खराब कर डाले। जिस कूटनीतिक रणनीति के माध्यम से पहले की सरकारों ने उनसे मैत्री कर रखी थी और अपने दुश्मन पड़ोसियों को एकत्र होने का मौका नहीं दिया था, वे आज भारत के खिलाफ सम्मिलित ताकत बनते दिखाई देते हैं। चूंकि इस वैदेशिक नीति के निमार्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू थे, इसलिये कांग्रेस के प्रति पूर्वाग्रह एवं घृणा पालने वाली भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि मोदी ने इसके ठीक दूसरी ओर जाने वाला मार्ग चुना। गुटनिरपेक्षता को उन्होंने कायराना नीति समझी और बड़े देशों के हथियार खरीदने और अन्य तरह के व्यापारिक संबंध बढ़ाने को ही विदेश नीति समझ लिया। इसके अलावा मोदी में छिपी वैयक्तिक महत्वाकांक्षा ने भी देश की वैदेशिक नीति को पर्याप्त नुकसान पहुंचाया है। मोदी प्रधानमंत्री इसी शोशेबाजी पर बने थे कि वे पाकिस्तान व चीन के साथ लाल आंखें दिखाकर बातें करेंगे ताकि भारत का दबदबा रहे। कहना न होगा, कि यह सिर्फ वोट बटोरने वाले जुमले थे और पीएम बनने के बाद भारत के खिलाफ ये देश एकत्र होते गये। सबसे खतरनाक गठजोड़ चीन व पाकिस्तान का था। भूटान व नेपाल पर डोरे डालकर चीन उन्हें भी साथ लेने की कोशिश कर रहा है जो हमेशा से भारत के पक्के मित्र रहे हैं। भाजपा प्रवक्ताओं की बयानबाजी अब देश का आंतरिक मुद्दा न रहकर दुनिया भर में फैल रहा है। इसका कारण यह भी है कि अब पूरे विश्व में देश की छवि एक ऐसे राष्ट्र की बन गई है जो अपने अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति अनुदार एवं असहिष्णु है। खासकर, मुस्लिमों के प्रति पनपती घृणा, हिंसा एवं प्रताड़ना ने भारत को एक इस्लाम विरोधी समाज के रूप में नयी पहचान दिलाई है। यह देश की सदियों से चली आ रही छवि के एकदम खिलाफ है जिस दौरान अनेक धार्मिक समुदाय भारत के अभिन्न अंग बनते चले गये हैं। मुसलमान देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय का हिस्सा हैं और करीब 52 देश उनके साथ खड़े दिख रहे हैं।

इस्लामी देशों के साथ खराब संबंधों के कारण होने वाले नफा-नुकसान को भौतिक रूप से न देखा जाकर यह सोचना चाहिये कि इससे हमारी छवि कितनी खराब होगी।

# एक व्यंग्यकार का एफ .आई .आर .

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक** व्यंग्यकार दूसरे व्यंग्यकार के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. लिखाने आया। इंस्पेक्टर के पूछने पर उसने बताया - "साहब, बदमाश व्यंग्यकार नहीं उचक्का है, उचक्का। उसने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा। हम दोनों में तय हुआ था कि दोनों बारी-बारी से एक-दूसरे को एक-एक घंटा सुनाएँगे। पहले कौन सुनाए इस पर हमने सिक्का उछाला। पर मेरा दुर्भाग्य कि पहला नंबर उसका आ गया। बदमाश ने एक घंटे में दो घंटे का मैटर सुनाकर फोन काट दिया। कहने लगा कि सिग्नल प्रोब्लम है। अब वह मेरी सुनने को तैयार ही नहीं है। उस दिन से मैं फोन लगा रहा हूँ। वह उठाने के बजाय मेरा कॉल काटता जा रहा है। गुस्सा तो मुझे बहुत आ रहा है। उसने व्यंग्य के नाम पर एक से एक घटिया रचनाएँ सुनाकर मेरे कान से खून निकाल दिया। वह तो मैं हूँ जो हर दिन पौष्टिक भोजन लेता हूँ। कोई और होता तो कलेजा निकल आता। मूर्छित हो जाता। अस्पताल ले जाते-ले जाते वह बंदा मर जाता। मैंने प्रण लिया है कि जब तक अपनी व्यंग्य रचनाएँ उसे सुना नहीं लेता तब तक मैं चैन की सांस नहीं लूँगा। लेकिन करूँ भी तो क्या करूँ, मैं तो लुट गया। मुझे बचाइए। बदमाश को कहीं से भी ढूँढ़कर लाइए। मैं अनशन पर हूँ। जब तक उसे अपने व्यंग्य सुना नहीं लेता तब तक अन्न-जल को हाथ नहीं लगाऊँगा। फोन की गैलरी में रचनाएँ भरकर घूम रहा हूँ। कसम से एक बार मिल जाए तो सारी की सारी रचनाएँ उस पर दाग दूँ। इंस्पेक्टर साहब मैं आपके हाथ जोड़ता हूँ। पैर पड़ता हूँ। कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूँ। बस एक बार उसे पकड़कर ले आइए। कीमत का नाम सुनते ही इंस्पेक्टर का रिश्वती जमीर जाग गया। उसने कहा "उठो भैया! धैर्य से काम लो इस संकट की घड़ी में भगवान का नाम लो। नहीं तो मेरा नाम लो। अभी तो मैं ही तुम्हारा भगवान हूँ। मैं तुम्हारी पीड़ा समझ सकता हूँ। मित्र का छल-कपट अनुभव कर सकता हूँ।

# भारत ने पहले मैच कंबोडिया को 2-0 से हराया, कप्तान सुनील छेत्री ने दागे दो गोल

**नई दिल्ली।** कप्तान सुनील छेत्री के करिश्माई खेल की बदौलत भारत ने एशिया कप क्वालिफिकेशन के तीसरे दौर के पहले मैच में बुधवार को कंबोडिया को 2-0 से हराया। दोनों गोल सुनील छेत्री ने किए। 126वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे सुनील छेत्री के इसके साथ अंतरराष्ट्रीय करियर में 81 गोल हो गए हैं। इसके साथ ही वह दुनिया में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**पेनाल्टी पर किया पहला गोल-** छेत्री ने 14वें मिनट में पेनाल्टी पर करियर का 80वां गोल दागा। भारत हाफटाइम तक 1-0 से आगे था। साल्ट लेक स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच रोचक संघर्ष देखने को मिला। वहीं दूसरे हाफ के 60वें मिनट में सुनील छेत्री ने मैदानी गोल कर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के अंत में या फिर 2024 की शुरुआत में हो सकता है।



**छेत्री ने यूएई के मबखौत को पछाड़ा**

अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो 188 मैचों में 117 गोल के साथ पहले स्थान पर हैं। इसके बाद ईरान के अली दई के 149 मैचों में 109 गोल दूसरे, मलयेशिया के मोख्तर दाहरी 142 मैचों में 89 गोल तीसरे, अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी 162 मैचों में 86 गोल चौथे और हंगरी के फेरेंक पुस्कास 85 मैचों में 84 गोल के साथ पांचवें नंबर पर हैं। भारत के सुनील छेत्री 126 मैचों में 81 गोल दागकर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के अली मबखौत (80 गोल) को पीछे छोड़ा।

एशिया कप फाइनल्स में जगह बनाने के लिए भारत का अगला मैच 11 जून को अफगानिस्तान से होगा। वहीं, 14 जून को हांगकांग के साथ भिड़ंत होगी। हांगकांग ने अफगानिस्तान को 2-1 से हराया।

## कप्तान बनते ही Rishabh pant का बड़ा बयान आया सामने, बोले- यह रहेगी रणनीति

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से ठीक एक दिन पहले केएल राहुल के चोटिल होने के बाद भारतीय टीम की कमान ऋषभ पंत को सौंप दी गई है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पहले ही सीरीज से बहर हैं। ऐसे में पंत पर स्टार खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। फिलहाल, पंत ने मैच से एक दिन पहले कहा है कि यह खबर मेरे लिए भी एक घंटे पहले आई थी, इसलिए मैं इसे भी संसाधित कर रहा हूं।दिल्ली के क्रिकेटर ने कहा- मैं अभी तक इस जानकारी को पचा नहीं पाया है। इस अवसर को पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कप्तान मिलने के बाद अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करेंगे। उन्होंने कहा- मेरा बल्लेबाजी क्रम परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इन परिस्थितियों में, हमारे पास फ्लोटिंग बैटिंग लाइन नहीं हो सकती क्योंकि हम दिन-ब-दिन स्पिनरों के साथ खेलते हैं। अगर इसकी जरूरत होगी तो यह हमारे पास है।



24 साल के पंत ने कहा कि आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते वक्त आया अनुभव उनके काम आएगा। उन्होंने कहा- मैं वह हूं जो गलतियों से सीखता है। हमारी टीम तय है। बल्लेबाजी क्रम में बहुत कुछ नहीं बदलेगा क्योंकि केएल को ओपनिंग करनी थी। सिर्फ एक बदलाव करेंगे। हमारे पास ज्यादा ओपनर नहीं हैं इसलिए आप अंदाजा लगा सकते हैं कि वह कौन होंगे। टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पंत ने कहा कि भारतीय टीम में काफी बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

## अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा का दावा- हमारा यह एक खिलाड़ी पड़ेगा Team india पर भारी

**नई दिल्ली।** केएल राहुल के चोटिल होने से जहां भारतीय खेमे में निराशा पाई जा रही है वहीं दक्षिण अफ्रीकी खेमा खुश नजर आ रहा है। भारतीय टीम ने नौ जून को द. अफ्रीका के साथ पहला टी-20 मैच खेलना है। इससे पहले अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा ने अपने प्लेयरों से बढिया़ प्रदर्शन की उम्मीद की है। बावुमा ने मैच से एक दिन पहले कहा कि उनके तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया भले ही इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन वह भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्हें काफी तुजुर्बा है जोकि भारतीय बल्लेबाजों पर भारी पड़ सकता है।



नोर्किया कूल्हे की चोट के कारण पिछले साल टी-20 विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर थे। इस तेज गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए वापसी की, पर शुरू के कुछ मैचों में बाहर रहे। हालांकि उनमें उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई नहीं दी। बावुमा ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि एनरिक हमारे लिए बड़ा खिलाड़ी है, वह गेंदबाजी इकाई का अहम हिस्सा है। जब वह आईपीएल से जुड़ा था तो वह चोट के कारण काफी लंबे समय से बाहर था। उन्होंने कहा कि लेकिन वह जितना ज्यादा खेलेगा, उतना ही उस स्तर के करीब पहुंच जाएगा, जिसका वह सक्षम है। वह हमारी टीम का अहम सदस्य है और हम उससे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

## टेनिस खिलाड़ी तारा मूरे डोपिंग मामले में फंसी, अस्थाई तौर पर निलंबित

**लंदन ।** ब्रिटेन की टेनिस खिलाड़ी तारा मूरे को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर खेल के डोपिंग रोधी नियमों के तहत अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। 'इंटरनेशल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी' (आईटीआईए) ने कहा कि युगल में दुनिया की 83वें नंबर की खिलाड़ी 29 साल की मूरे अप्रैल में कोलंबिया में डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के दौरान नेंड्रोलिन मेटाबोलाइट और बोल्डेनोन के लिए पॉजिटिव पाई गईं।

## मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक, पीएम मोदी और पीयूष गोयल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस की जोड़ी को चेटौरैक्स पैरा शूटिंग विश्व कप में पी6-10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई दी। नरवाल और फ्रांसिस ने चीन के यांग चाओ और मिन ली को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता।

पीएम मोदी ने अपने ट्विटर पर लिखा, 'मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस पर गर्व है कि उन्होंने चेटौरैक्स 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्हें इस विशेष जीत के लिए बधाई। उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।' पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'एक के बाद एक स्वर्ण पदक!



मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस ने चेटौरैक्स 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए भारत के लिए एक स्वर्ण पदक हासिल किया। इस अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए चैंपियन को बधाई।' भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन राउंड में 565 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले मंगलवार को टोक्यो पैरालिंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखारा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 250.6 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और पेरिस पैरालिंपिक 2024 में अपना स्थान पक्का किया था। 20 वर्षीय निशानेबाज ने 249.6 का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

श्रीहर्षा देवाराडी रामाकृष्णा मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल एसएच2 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय पैरा निशानेबाज बने।

रामाकृष्णा ने फाइनल में 253.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्लोवेनिया के फ्रांसेक टिरसेक (252.6) ने रजत जबकि टेंगाय डि ला फोरेस्ट (230.3) ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

## हार्दिक पांड्या हो सकता है भारत के भविष्य का कप्तान : शेन वॉटसन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के महान ऑलराऊंडर शेन वॉटसन का कहना है कि हार्दिक पांड्या में नेतृत्व क्षमता है और भविष्य में वह टीम इंडिया का कप्तान हो सकता है। वॉटसन ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि जो चीज मेरे लिए सबसे अलग थी, वह यह थी कि वह कितने शांत स्वभाव के थे। उन्होंने मैदान पर बल्लेबाजी या गेंदबाजी करते जो कुछ भी किया उससे वह उत्साहित थे। हार्दिक के लिए एक नई टीम में जाना, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करना और अपना कौशल दिखाने का यह शानदार अवसर था। उन्होंने कप्तानी और नेतृत्व कौशल दिखाया जो शायद मुंबई इंडियंस के साथ होने पर दिखा नहीं पाते।



वॉटसन बोले- यह उनके लिए एक अविश्वसनीय अवसर है और भारतीय क्रिकेट के लिए यह जानना एक अविश्वसनीय बात है कि उनके पास एक अच्छा प्लेयर है। हालंकि भारत के पास विकल्पों की कमी नहीं है - केएल राहुल, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर ऐसे लोग हैं जिनमें नेतृत्व क्षमता है। लेकिन आईपीएल में मैंने देखा कि गुजरात के लिए बतौर कप्तान उन्होंने अविश्वसनीय काम किया। अंत में यह एक महान नेता का कौशल है जो उसे एक साथ लाने में सक्षम है। हार्दिक पांड्या ने अविश्वसनीय रूप से अच्छा किया।

वॉटसन बोले- ऐसा लग रहा था कि वह मानसिक रूप से भी कप्तान होने के दबाव को झेलने में सक्षम था। शायद मौजूदा (आईसीसी पुरुष) टी20 विश्व कप नहीं बल्कि इसके बाद वह कप्तानी के लिए आगे बढ़ सकते हैं। अगर रोहित चोटिल होते हैं तो उन्हें भी आजमाया जा सकता है। वह गेंदबाजी में भी अच्छा कर रहा है। इसे एक गेंदबाज के दृष्टिकोण से समझा जा सकता है। मेरा अनुभव है कि वह ऐसा कप्तान हो सकता है जोकि सिर्फ बल्लेबाज है।

## पोंटिंग की बीबीएल में वापसी, होबार्ट हरिकेंस को खिताब दिलाने के लिए निभाएंगे अहम भूमिका

**सिडनी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम दिल्ली कैपिटल्स फिर से जिंदा करने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग बिग बैश लीग के सीजन 12 से पहले होबार्ट हरिकेंस के साथ जुड़ गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पोंटिंग ने बीबीएल के पहले दो संस्करणों में हरिकेंस के लिए आठ मैच खेले थे। फ्रेंचाइजी ने उनके साथ तीन साल का अनुबंध किया है।

होबार्ट हरिकेंस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि रणनीति के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका में पोंटिंग को हरिकेंस के नए मुख्य कोच की नियुक्ति और मैच पर काम करने और तत्कालीन नियुक्त कोच के साथ सूची रणनीति पर काम करते हुए देखा जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पुरुष कोच और पोंटिंग के करीबी दोस्त जस्टिन लैंगर को पहले हरिकेंस हेड कोचिंग भूमिका से रूप में शामिल किया गया है जो एडम ग्रिफिथ के बीबीएल-11 के अंत में इस्तीफा देने के बाद से खाली है। पोंटिंग पहले भी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के साथ अंतरिम और विशेषज्ञ कोचिंग भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने पहले कहा है कि राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच होने की समयबद्ध प्रतिबद्धता ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया को पूर्णकालिक कोचिंग देने पर विचार करने से रोक दिया है। रिपोर्ट के अनुसार पोंटिंग ने कहा,



जब से मैं बीबीएल-01 और बीबीएल-02 में हरिकेंस के लिए खेला था तब से प्रतियोगिता और खेल में काफी बदलाव आया है और मैं उस समय की तुलना में अब टी20 खेल की बारीकियों के बारे में बहुत कुछ जानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं खेल के सभी रूपों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की प्रगति के बारे में भावुक हूं इसलिए हेरिकेंस के लिए इस तरह की महत्वपूर्ण भूमिका निभाना वास्तव में विशेष है।

मैं काम करने और टीम के लिए अगले सीजन को अंजाम देने के लिए एक योजना बनाने के लिए उत्सुक हूं। हरिकेंस की विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, कुछ प्रमुख क्षेत्रों में कुछ बदलावों के साथ मेरा मानना ??है कि हरिकेंस के पास हमारी पहली बीबीएल ट्रॉफी जीतने की नींव है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हेरिकेंस में पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के टी20 उभरते सितारों टिम डेविड, बेन मैकडरमोट, नाथन एलिस और रिले मेरेडिथ के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग आधिकारिक तौर पर हेरिकेंस के साथ अपना कार्यकाल तुरंत प्रभाव से शुरू करेंगे।

## क्रिकेट जगत ने मिताली राज की प्रशंसा की, बताया 'प्रेरणास्रोत'

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट जगत ने मिताली राज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद लाखों क्रिकेटरों के लिए सही मायने में 'लीजेंड' और प्रेरणा स्रोत बनने के लिए प्रशंसा की। अपने 23 साल के लंबे करियर में मिताली ने महिला क्रिकेट के बारे में धारणा को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया। मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने उनके संन्यास के बाद ट्वीट कर उनकी प्रशंसा की। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा, 'भारत में मिताली राज का नाम महिला क्रिकेट का पर्याय बन गया है। आप पूरी दुनिया में लाखों महिलाओं की प्रेरणा रही हो। भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।' भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, 'मिताली राज शानदार करियर के लिए बधाई। आप देश भर के क्रिकेटरों के लिए शानदार उदाहरण रही हो। आप आगे जो कुछ करोगी, उसके लिये 'गुडलक'।' पूर्व भारतीय बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा, 'भारत के लिए खेलने का सपना कुछ ही साकार कर पाते हैं और 23 साल तक देश का प्रतिनिधित्व करना शानदार है।



## कप्तान करण शर्मा और गेंदबाजों के दम पर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा यूपी, तीसरे ही दिन हारा कर्नाटक

**लखनऊ /नयी दिल्ली।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कप्तान करण शर्मा के नाबाद अर्धशतक से उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में पिछड़ने के बावजूद रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे ही दिन कर्नाटक को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी में 98 रन की बढ़त हासिल करने वाली कर्नाटक की टीम दूसरी पारी में सौरभ कुमार (36 रन पर तीन विकेट), अंकित राजपूत (15 रन पर दो विकेट) और यश दयाल (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सिर्फ 114 रन पर ढेर हो गई।

उत्तर प्रदेश को इस तरह 213 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 65.2 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन बनाकर हासिल कर लिया। उत्तर प्रदेश की टीम भी एक समय 114 रन पर पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन कप्तान करण (नाबाद 93) और प्रिंस यादव (नाबाद 33) ने छठे विकेट के लिए 99 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। करण ने 163 गेंद की अपनी धैर्यपूर्ण पारी के दौरान 13 चौके और एक छक्का लगाया। प्रियम गर्ग ने भी 60 गेंद में 52 रन की उम्दा पारी खेली। गर्ग ने अपनी पारी के छह चौके और दो छक्के लगाए। कर्नाटक ने पहली पारी में 253 रन बनाए थे जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 155 रन ही बना सकी थी।



कर्नाटक की ओर से श्रीनिवास शरत (नाबाद 23) और मयंक अग्रवाल (22) ही दूसरी पारी में 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। अगर अतिरिक्त रन का 20 रन का योगदान नहीं होता तो कर्नाटक की टीम 100 रन के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाती। कर्नाटक की टीम आज आठ विकेट पर 100 रन से आगे खेलने उतरी और उसने 14 रन जोड़कर रोनित मोरे (00) और विधवत कवेरापा (00) के विकेट भी गंवा दिए। दोनों विकेट दयाल के खाते में गए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे उत्तर प्रदेश की शुरुआत भी खराब रही। तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाक (47 रन पर तीन विकेट) ने 28 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों समर्थ सिंह (14) और आर्यन जुयाल (01) को पवेलियन भेजा दिया। गर्ग और करण ने इसके बाद 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। गर्ग ने इस दौरान आक्रामक रवैया अपनाया और विधवत पर छक्के के साथ सिर्फ 57 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में कृष्णप्पा गौतम की गेंद पर श्रेयस गोपाल को कैच दे बैठे। रिंकू सिंह भी चार रन बनाने के बाद विधवत की गेंद पर बोल्ड हो गए। विजयकुमार ने ध्रुव जुरेल (09) को आउट करके उत्तर प्रदेश को पांचवां झटका दिया लेकिन इसके बाद करण और प्रिंस ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। करण ने गोपाल पर चौके के साथ 122 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

## आईसीसी रैंकिंग : जो रूट नंबर 2 पर पहुंचे, न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी का हुआ फायदा

**दुबई ।** इंग्लैंड के बल्लेबाज़ जो रूट लॉर्ड्स में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की अंतिम पारी में नाबाद 115 रन बनाकर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह स्टीव स्मिथ (वर्तमान में नंबर 3 पर) और केन विलियमसन से आगे निकल गए हैं। वहीं बाबर आजम चौथे स्थान पर विराजमान हैं। 892 अंकों के साथ मार्नस लाबुशेन पहले स्थान पर हैं। केन विलियमसन पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं।

गेंदबाज़ों में न्यूजीलैंड के तेज़ गेंदबाज काइल जेमीसन जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ छह विकेट लिए थे, दो पायदान ऊपर चढ़ गए हैं और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर वापस आ गए हैं। उसी टेस्ट में छह विकेट लेने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन दो पायदान के फायदे के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स दो पायदान के फायदे के साथ 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



**न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ टॉम ब्लंडल और डैरिल मिचेल ने भी साप्ताहिक अपडेट में भारी लाभ कमाया है:** ब्लंडेल 14 और 96 के स्कोर के बाद 15 स्थान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर आ गए हैं जबकि मिचेल 13 और 108 के स्कोर के साथ 75वें से 50वें स्थान पर आ गए हैं।

टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच नंबर पांच पर चले गए हैं, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार डेविड वार्नर आठ स्थान की बढ़त के साथ 45वें नंबर पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड जिन्हें 16 रन देकर 4 विकेट लेने के लिए पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, एक स्थान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान जिम्मबाब्वे दौरे में अपने प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडरों की श्रेणी में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि इसी श्रृंखला में मोहम्मद नबी के छह विकेटों ने उन्हें आठ पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

## बाबर आजम का 17वां शतक, पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**मुल्तान ।** कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड 17वें शतक से पाकिस्तान ने बेहद तेज गर्मी के बीच पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में यहां वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। बाबर ने 107 गेंद में 103 रन की पारी खेली जो पिछले पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनका चौथा शतक है जिससे पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 306 रन बनाकर चार गेंद शेष रहते जीत दर्ज की और तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। बाबर ने इमाम उल हक (65) के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी भी की। बाएं हाथ के बल्लेबाल खुशदिल शाह कुछ मौकों पर रन आउट होने से बचे और अंततः तेज गेंदबाजों पर चार छक्के जड़कर 23 गेंद में 41 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और विकेटकीपर तथा सलामी बल्लेबाज शाई होप की 134 गेंद में 127 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 305 रन का स्कोर खड़ा किया। होप ने अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने शामर ब्रूक्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 154 रन की साझेदारी की। ब्रूक्स ने 70 रन की अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए सात चौके जड़े। अंतिम ओवरों में रोवमैन पावेल (23 गेंद में 32 रन) और रोमारियो शेफर्ड (18 गेंद में 25 रन) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान की ओर से हारिस राउफ सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 77 रन देकर चार विकेट चटकाए। शाहीन शाह अफरीदी ने 55 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

## श्रीलंका के पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे संसद से इस्तीफा देने को तैयार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे ने अपनी संसदीय सीट से इस्तीफा देने का फैसला किया है, क्योंकि दोहरी नागरिकता वालों को किसी भी शीर्ष सार्वजनिक पद पर रहने से रोकने वाला संविधान का 21वां संशोधन संसद में पेश होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई बेसिल राजपक्षे के पास अमेरिका और श्रीलंका की दोहरी नागरिकता है तथा 21 वां संविधान संशोधन (21ए) दोहरी नागरिकता वालों को संसदीय सीट पर रहने या भविष्य में चुनाव लड़ने से रोकने का प्रस्ताव करता है। डेली मिरर अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना पार्टी के सांसद बेसिल राजपक्षे ने बृहस्पतिवार तक अपनी संसदीय सीट से इस्तीफा देने का फैसला किया है।खबर में कहा गया है कि बेसिल राजपक्षे (71) ने अपनी पार्टी के सदस्यों को सूचित किया है कि वह पार्टी की राजनीति में सक्रिय रहेंगे, लेकिन अपनी संसदीय सीट पर बरकरार नहीं रहेंगे। देश में भीषण आर्थिक संकट के चलते चार अप्रैल को राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बेसिल राजपक्षे को बर्खास्त कर दिया था। उन पर देश में आर्थिक संकट के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया था। इक्कीसवें संविधान संशोधन के जरिये संविधान के 20ए प्रावधान के रद्द होने की उम्मीद है।



## गोलीबारी की घटनाओं से तंग अमेरिका ने बंदूक नियंत्रण विधेयक किया पारित

**वाशिंगटनः** अमेरिकी संसद ने बफेलो, न्यूयॉर्क और उवाल्दे, टेक्सास में हाल में सामूहिक गोलीबारी के जवाब में व्यापक बंदूक नियंत्रण विधेयक पारित किया। इस विधेयक में अर्द्ध-स्वचालित राइफल खरीदने के लिए आयु सीमा बढ़ाने और 15 गोलियों से अधिक की क्षमता वाली मैगजीन की बिक्री पर प्रतिबंध का प्रावधान है। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना लगभग न के बराबर है क्योंकि सीनेट का ध्यान मनसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार



लाने, सामाजिक सुरक्षा मजबूत करने और पृष्ठभूमि की जांच बढ़ाने पर केंद्रित है। लेकिन सदन के इस विधेयक से डेमोक्रेटिक सांसदों को नवंबर में मतदाताओं के लिए एक नीति तैयार करने का मौका मिलेगा, जहां वे अपनी नीतियों को पेश कर सकते हैं। सदन की एक समिति में हाल में हुई गोलीबारी के पीड़ितों और परिवार के सदस्यों की हृदय विदारक गवाही के बाद यह विधेयक पारित किया गया है। गवाहों में 11 साल की लड़की मियाह सेरिलो भी शामिल रही, जिसने उवाल्दे के एलीमेंट्री स्कूल में अपने मृत सहपाठी का खून अपने शरीर पर लगा लिया ताकि वह गोली मारे जाने से बच जाए।

सदन की नेता नैंसी पेलोसी ने कहा, ''यह घिनौना है, यह घिनौना है कि हमारे बच्चों को लगातार डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है।' अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह विधेयक सीनेट में जाएगा जहां रिपब्लिकन अपने विरोध पर अड़े हुए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन ज्यां-पियरे ने सदन के विधेयक की प्रशंसा करते हुए ट्वीट किया, ''हम जिंदगियों को बचाने और परिवारों के लिए एकजुटता व्यक्त करने के वास्ते दोनों दलों के साथ मिलकर कठिन परिश्रम करते रहेंगे।'

## पाक थल सेना प्रमुख ने सैन्य कमांडरों को दिए अभियानगत तैयारी जारी रखने की निर्देश

**इस्लामाबादः** पाकिस्तानी थल सेना के प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने क्षेत्र में सुरक्षा के अजीब माहौल के कारण अपने वरिष्ठ कमांडरों को 'अभियानगत तैयारी' बनाए रखने का बुधवार को निर्देश दिया। फौज ने एक बयान में कहा कि जनरल बाजवा ने रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में 80वीं 'फॉरमेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' की अध्यक्षता करते हुए उभरते भू-रणनीतिक माहौल के मद्देनजर अभियान चलाने संबंधी तैयारियों के उच्च मानकों को बनाए रखने पर खास जोर दिया।

# सहमति : चीन की दादागीरी रोकने के लिए आठ वर्ष की योजना बनाएंगे भारत और वियतनाम

**हनोई।** राजनाथ सिंह और जनरल जियांग के बीच बैठक में 2030 तक द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी पर साझा विजन दस्तावेज पर भी हस्ताक्षर हुए। हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती दादागीरी को देखते हुए इससे दोनों देशों के बीच समुद्री क्षेत्र में रक्षा व सुरक्षा सहयोग और बढ़ाने में मदद मिलेगी।

वियतनाम उन देशों में शामिल है जिनके साथ दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन का विवाद चल रहा है। वहीं, लद्दाख और अरुणाचल को लेकर भारत के साथ भी चीन के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। दोनों मंत्रियों ने वियतनाम भारत से मिलने वाले 50 करोड़ डॉलर के रक्षा ऋण को जल्द अंतिम रूप देने पर सहमति जताई। इसके अलावा रक्षा साझेदारी को समृद्ध करने के लिए आगे के रास्ते तलाशने पर भी सहमति जताई गई है।

**हिंद-प्रशांत में स्थिरता आएगी :राजनाथ**

राजनाथ सिंह ने जियांग से भेंट के बाद कहा वियतनाम के साथ भारत के करीबी सुरक्षा संबंधों से हिंद-प्रशांत में स्थिरता आएगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवाल को तीन दिनी दौरे पर हनोई पहुंचे और इस दौरान राष्ट्रपति नुयेन शुआन फुक से भी भेंट की। दोनों नेताओं के बीच संपूर्ण रणनीतिक संबंधों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

वयतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय में राजनाथ सिंह को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और जनरल जियांग ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इससे पहले, सिंह ने वियतनाम के संस्थापक हो ची मिन्ह की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वियतनाम, आसियान (दक्षिण



पूर्वी एशियाई राष्ट्र संगठन) का एक अहम देश है और उसका दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के साथ क्षेत्रीय विवाद है। भारत, दक्षिण चीन सागर में वियतनामी समुद्र क्षेत्र में तेल निकालने संबंधी परियोजनाएं चला रहा है। भारत और वियतनाम साझा हितों की रक्षा के वास्ते पिछले कुछ वर्षों में अपने समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

**2000 साल पुराने हैं भारत-वियतनाम संबंध**

रक्षा मंत्रालय ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में वियतनाम को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि दोनों देश समृद्ध इतिहास और सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों को साझा करते हैं जो 2000 साल से भी पुरानी हैं। साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वियतनाम दौरे के बाद दोनों देशों के संबंध समग्र रणनीति साझेदारी के स्तर पर पहुंच गए।

**कंबोडिया ने कहा-उसके बंदरगाह पर नहीं रहेगी चीनी सेना-** कंबोडिया ने चीन के सहयोग से शुरू हो रही बंदरगाह विस्तार परियोजना को लेकर एक बार फिर सफाई दी है। उसने कहा कि इस बंदरगाह पर चीनी सेना की मौजूदगी नहीं होगी। बता दें कि इस बंदरगाह को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसे आशंका है कि चीन इसका इस्तेमाल नौसैन्य अड्डे के रूप में कर सकता है। कंबोडियाई सरकार के मुख्य प्रवक्ता फे सिफान ने कहा कि रीम नौसेना ठिकाने का विस्तार चीन और कंबोडिया के सहयोग का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि कंबोडिया में चीन के राजदूत यहां के रक्षामंत्री और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ 'ग्राउंड ब्रेकिंग' समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट में चीनी अफसर के हवाले से छपी खबर का खंडन किया जिसमें इस ठिकाने का इस्तेमाल चीनी सेना द्वारा करने की बात कही गई थी।

# भारत से अफगानिस्तान जा रही मदद लूट रहा पाकिस्तान, मीडिया रिपोर्ट्स में हुआ खुलासा

**इस्लामाबाद।** भारत से अफगानिस्तान भेजी जा रही मानवीय मदद को पाकिस्तान तस्करी और अन्य हथकंडे अपनाकर लूटने में लगा है। एक बार अफगानिस्तान पहुंचने के बाद गेहूं भरे ट्रक वापस पाकिस्तान पहुंच रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों में जानकारी दी गई है। खामा प्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है, 31 मई को तालिबान के सुरक्षा अधिकारियों ने हेलमंड प्रांत में अवैध तरीके से सीमा पार कर पाकिस्तान जा रहे गेहूं लदे 50 ट्रकों को रोका। हेलमंड प्रांत में तालिबान के सूचना और संस्कृति निदेशक हाफिज रशीद हेलमंडी ने बताया, 30 मई को हेरात-कंधार हाईवे पर गेहूं से लदे अन्य ट्रक भी पकड़े गए थे। यह गेहूं हेलमंड प्रांत के वाशिर की कंपनी के ट्रकों में था।भारत ने पिछले सप्ताह अफगानिस्तान को भेजी जा रही मानवीय मदद की निगरानी और



डिलीवरी प्रक्रिया देखने के लिए अधिकारियों का एक दल काबुल भेजा था। इसने तालिबान के अधिकारियों के साथ नई दिल्ली से भेजी गई मदद पर वार्ता भी की। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह अपनी तरह का पहला दौरा था। अफगान समाज के सभी वर्गों ने भारत की विकास और मानवीय सहायता का दिल खोलकर स्वागत किया था। बताया जा रहा है कि भारत को भी पाकिस्तानी लूट की खबर है। इसीलिए यह दल तालिबान से वार्ता करने भेजा था।

**भारत ने दिया मदद वाया ईरान भेजने का प्रस्ताव**

भारत ने मदद वाया पाकिस्तान के बजाय ईरान के चाबहार पोर्ट से होकर भेजने पर तालिबान की सहमति मांगी है। बाकी मदद अपने पश्चिमी तट स्थित मुंबई, कांडला या मूंदरा पोर्ट से ईरान के चाबहार भेजने का प्रस्ताव रखा है।

यहां से यह जमीन के रास्ते हेरात होकर पहुंच सकता है। इससे पंजाब सीमा पर खराब होने वाला समय भी बचेगा, जहां भारतीय ट्रक खाली होने के इंतजार में लंबे समय तक लाइन में लगे रहते हैं। खबरों के मुताबिक, तालिबान ने भी रूट परिवर्तन पर सहमति जता दी है।

## इस्लामाबाद में यूनिसेफ की अधिकारी से सुरक्षा गार्ड ने किया दुष्कर्म, कहुटा में नाबालिग से दुराचार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महिलाओं से दुष्कर्म व अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राजधानी इस्लामाबाद भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। हद तब हो गई जब संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की एक अधिकारी के साथ उनके ही सुरक्षा गार्ड ने दुष्कर्म कर डाला। इसी तरह कहुटा में एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न की घटना हुई है। इस्लामाबाद में कार्यरत यूनिसेफ अधिकारी के साथ उनके आवास पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड ने दुष्कर्म किया। अधिकार ने आबपारा पुलिस में



आरोपी गार्ड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता 10 जनवरी से पाकिस्तान में काम कर रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार एफआईआर में कहा गया है कि गार्ड उसके बेडरूम में घुस गया और दुष्कर्म के बाद गला घोंटने की कोशिश की। यह गार्ड यूनिसेफ अधिकारी के निवास पर 11 मार्च से तैनात था। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस उसका पता लगा रही है। इसी तरह दुष्कर्म की दूसरी घटना तब सामने आई जब कहुटा में नाबालिग पीड़िता के पिता ने पुलिस को सूचित किया कि उनकी बेटी मंगलवार की रात अपने घर से लापता हो गई थी। उसके साथ एक निर्माणाधीन मकान में दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# कंबोडिया बोला- चीनी मदद से बन रहा बंदरगाह चीन के उपयोग के लिए नहीं

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने चीन के सहयोग से शुरू हो रही बंदरगाह विस्तार परियोजना को लेकर एक बार फिर सफाई दी है। उसने कहा कि इस बंदरगाह पर चीनी सेना की मौजूदगी नहीं होगी। बता दें कि इस बंदरगाह को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसे आशंका है कि चीन इसका इस्तेमाल नौसैन्य अड्डे के रूप में कर सकता है। कंबोडियाई सरकार के मुख्य प्रवक्ता फे सिफान ने कहा कि रीम नौसेना ठिकाने का विस्तार चीन और कंबोडिया के सहयोग का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि कंबोडिया में चीन के राजदूत यहां के रक्षामंत्री और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ 'ग्राउंड ब्रेकिंग' समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट में चीनी अफसर के हवाले से छपी खबर का



खंडन किया जिसमें इस ठिकाने का इस्तेमाल चीनी सेना द्वारा करने की बात कही गई थी। चीन ने देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों की जानकारी देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत करने का फैसला किया है। राज्य सुरक्षा मंत्रालय के मुताबिक, जो कोई भी राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे की जानकारी देते है वह इनाम का पात्र होगा। हाल ही में फुजियान प्रांत में पुतिन शहर के आधिकारिक वीबो अकाउंट पर पुतिन यूनिवर्सिटी का एक छात्र इंटरनेट पर सर्फिंग कर रहा था। उसे पता चला कि कोई देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियां कर रहा है। जिसकी शिकायत उसने संबंधित अधिकारियों को दी। पुतिन सिटी नेशनल सिक्योरिटी ब्यूरो ने इस घटना को तुरंत रोका और आरोपी को उसी के अनुसार दंडित किया।

## तालिबान ने मशहूर फैशन मॉडल सहित 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**नोम पेन्ह।** तालिबान ने इस्लाम और कुरान के अपमान के आरोप में अफगानिस्तान के एक मशहूर फैशन मॉडल और उनके तीन साथियों को हिरासत में ले लिया। तालिबान के खुफिया महानिदेशालय ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट किया जिसमें फैशन मॉडल अजमल हकीकी के हाथों में हथकड़ी लगी दिखाई देती है। व्यापक रूप से प्रसारित और विवादास्पद वीडियो में हकीकी के सहयोगी गुलाम सखी कुरान की अरबी



आयतों को हास्यपूर्ण आवाज के साथ बोलते हैं, जिस पर हकीकी को हंसते हुए देखा जा सकता है। सखी समेत तीन अन्य साथियों के साथ मौजूद हकीकी ने कहा, 'मैं अफगानिस्तान के लोगों, आदरणीय धार्मिक विद्वानों और इस्लामी अमीरात से माफी मांगता हूं।' सखी हिरासत में लिए जाने से पहले भी दो बार माफी मांग चुके थे।

# पाकिस्तान में गहराया बिजली संकट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पाकिस्तान अभूतपूर्व बिजली संकट का सामना कर रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार रात साढ़े आठ बजे सभी बाजार बंद करने और रात दस बजे शादी समारोह बंद करने का फैसला लिया है। पाकिस्तान में बिजली की आपूर्ति और उपलब्धता के लगातार बढ़ते अंतर से निपटने के लिए पाकिस्तान की नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल ने देशभर के बाजारों को रात साढ़े आठ बजे बंद करने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई काउंसिल की बैठक में पाकिस्तान के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

पाकिस्तान के सभी प्रांतों ने देश में ऊर्जा संकट से निपटने के लिए रात साढ़े आठ बजे बाजार बंद करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान ने इस फैसले को लागू करने के लिए दो दिन का समय मांगा है। इसके साथ ही पाकिस्तान ने रात दस बजे के बाद शादियों के आयोजन पर भी रोक लगा दी है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# ईरान में एक महिला सहित 12 बलोच कैदियों को सामूहिक फांसी

**तेहरान।** ईरान में एक महिला सहित 12 बलोच कैदियों को सामूहिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया। इन लोगों पर हत्या व नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप लगाए गए थे। नार्वे स्थित ईरान मानवाधिकार समूह ने यह मामला उजागर किया है।

ईरान की न्यायपालिका के मृत्यु दंड के आदेश जारी होने के बाद इन सभी 12 कैदियों को एक साथ जेल भेज दिया गया था। इसके बाद इन सभी को एक साथ फांसी पर लटका दिया गया। नार्वे स्थित ईरान मानवाधिकार समूह के मुताबिक इन सभी को पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीमा से सटे सिस्तान-बलोचिस्तान के



जाहेदान मुख्य कारागार में फांसी दी गयी। बताया गया कि ये सभी बलोच थे और सुन्नी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। इनमें से छह को नशीले पदार्थों की तस्करी और छह अन्य को हत्या करने के मामलों में फांसी पर लटकाया गया। इस सामूहिक फांसी में एक महिला को भी फांसी दी गयी है। महिला कैदी की पहचान उसके उपनाम गारगिज से सामने आई है। उक्त महिला को वर्ष 2019 में अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईरान में प्रतिबंधित संगठन नेशनल काउंसिल ऑफ रेजिस्टेंस ऑफ ईरान ने भी कहा कि सोमवार को जाहेदान में 12 लोगों को फांसी दी गई। संगठन ने कहा कि लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए सरकार ने दमन और हत्याएं बढ़ा दी हैं।

इसी कारण मौत की सजा में भी एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड बना दिया गया है। बलोच एक्टिविस्ट्स अभियान की 2021 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम 79 बलोच नागरिकों को इस्लामिक गणराज्य की जेलों में फांसी दी जा चुकी है। इनमें से 50 की पुष्टि हुई है।

# चीन और कैलिफोर्निया में क्रैश हुए विमान, कई घरों में लगी आग

**बीजिंग।** मध्य चीन के हुबेई प्रांत में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कई मकानों में आग लग गई। देश में दो महीने से अधिक समय में यह तीसरी विमान दुर्घटना है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने चीन की आधिकारिक मीडिया के हवाले से कहा कि विमान हवाईअड्डे के समीप लाओहेकू शहर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पायलट पैराशूट की मदद से विमान से कूद गया और उसे मामूली चोटें आयी हैं।

चीन के सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दुर्घटनास्थल पर कई मकानों में आग लगते हुए देखा जा सकता है।

खबर के अनुसार, आपात विभाग के कर्मी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। चीन में इस साल मार्च के बाद से यह तीसरी विमान दुर्घटना है। पिछले महीने चीन की तिब्बत एयरलाइंस का एक यात्री विमान रनवे पर फिसल गया था और उसमें आग लग गयी थी जिससे 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। ग्वांग्झी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र के तेंगशियान काउंटी में 12 मार्च को बोइंग 737 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में चालक दल के नौ सदस्यों समेत सभी 132 यात्रियों की मौत हो गयी थी।

**रेगिस्तान में 'मरीन कॉर्प्स ओस्प्रे' का विमान क्रैश**

इसके अलावा दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में 'मरीन कॉर्प्स ओस्प्रे' का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में नौसेना के पांच कर्मी सवार थे। नागरिक एवं सैन्य आपात सेवा के कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं। हताहत हुए लोगों की



जानकारी तत्काल नहीं मिल पाई है। सैन डिएगो में 'मरीन कॉर्प्स एयर स्टेशन मीरामार' में विमानन इकाई के मुख्यालय की तीसरे समुद्री विमान शाखा के प्रवक्ता मेजर मेसन एंगलहार्ट ने बताया कि विमान 'एमवी-22बी' ऑस्प्रे कैंप पेंडलटन स्थित तीसरे समुद्री विमान शाखा से जुड़ा था और दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर प्रशिक्षण के दौरान वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एंगलहार्ट ने बताया कि विमान में सवार नौसेना के पांच कर्मियों के संबंध में उन्हें कोई जानकारी अभी नहीं मिली है।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने चीन की आधिकारिक मीडिया के हवाले से कहा कि विमान हवाईअड्डे के समीप लाओहेकू शहर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पायलट पैराशूट की मदद से विमान से कूद गया और उसे मामूली चोटें आयी हैं।